तापमान

अधिकतम 38.2 डिग्री

न्यूनतम 29.6 डिग्री

# हरिभूमि महासमुंद भूमि

रायपुर, गुरुवार 18 जून 2026

सरायपाली | बसना | पिथौरा | बागबाहरा | तुमगांव | खरियार रोड

12 पचरी और नरतोरा में विधायक ने सुनी आमजनों की समस्याएं



12 गुणवत्तापूर्ण शिक्षा से ही बनेगा बच्चों का उज्ज्वल भविष्य : विधायक अग्रवाल



## खबर संक्षेप

### ब्यारा से ट्रैक्टर और ट्रॉली चोरी

**महासमुंद।** ग्राम भलेसर के एक किसान के ब्यारा से ट्रैक्टर और ट्रॉली चोरी के मामले में सिटी कोतवाली में जुर्म दर्ज किया गया है। पुलिस को भलेसर के उमेश सिन्हा ने बताया कि 13 जून की रात्रि 11 बजे मेरे पिता तुकाराम सिन्हा के स्वामित्व वाले आइशर ट्रैक्टर क्र सीजी 056 जीएम 0256 एवं नीले रंग का ट्रैक्टर ट्राली 02 चक्का को अपने ब्यारा में रखा था। 14 जून की सुबह 4 बजे ब्यारा में जाकर देखा तो ट्रैक्टर एवं ट्रॉली वहां नहीं थे। मामले की रिपोर्ट पर अज्ञात व्यक्ति के विरूद्ध धारा 303(2) बीएनएस के तहत जुर्म दर्ज कर विवेचना में लिया गया है।



### युवक के साथ मारपीट

**महासमुंद।** युवक के साथ मारपीट करने वाले आरोपियों के खिलाफ सिटी कोतवाली में अपराध दर्ज किया गया है। पुलिस को प्रार्थिया व वार्ड नं. 1 निवासी सुशीला गोड़ ने बताया कि 15 जून की रात 11 बजे को उसका लड़का अमरजीत घर के छत के ऊपर खड़ा हुआ था, उसी समय भरत साहू एवं उसके अन्य साथी के साथ हमारे घर के सामने से जा रहे थे, उसके लड़के को छत में देख कर उन लोगों ने गाली गलौज करते हुए कहा कि तुम्हारी मां हम लोगों को शराब बेचते हो कहकर शिकायत कर रही है, जिस पर अमरजीत ने मुझे मालूम नहीं है कहा। इसके बाद आरोपियों ने पास में पड़े पत्थर को फेंकर मारा, जिससे अमरजीत के बायें आंख के पास चोट लगी। पुलिस ने रिपोर्ट पर आरोपियों के विरूद्ध धारा 115 (2), 296, 3(5) बीएनएस के तहत जुर्म दर्ज किया गया है।

# सड़क के किनारे खेत में मिला महिला का शव, हत्या की आशंका

हरिभूमि न्यूज ▸▸ महासमुंद

जिले के झलप-रायतुम सड़क मार्ग पर स्थित तुरेंगा गांव के पास बुधवार सुबह एक अज्ञात युवती का शव मिलने से इलाके में दहशत फैल गई। शव मिलने की सूचना मिलते ही स्थानीय लोगों की भीड़ जुट गई और क्षेत्र में हड़कंप मच गया। मिली जानकारी के अनुसार, सुबह जब कुछ राहगीर और ग्रामीण इस मार्ग से गुजर रहे थे, तब उन्होंने सड़क किनारे स्थित एक खेत में महिला का शव पड़ा देखा। ग्रामीणों ने तुरंत इसकी सूचना पटेवा पुलिस को दी। जोरा गांव के सरपंच प्रतिनिधि रूपधर पटेल ने बताया कि शव तुरेंगा गांव से करीब आधा किलोमीटर दूर रायतुम रोड के किनारे खेत में मिला है।

- झलप-रायतुम सड़क मार्ग पर तुरेंगा गांव के पास एक अज्ञात युवती का शव मिलने से इलाके में दहशत

## शरीर पर मिले गंभीर चोटों के निशान, अब तक नहीं हुई मृतका की शिनाख्त



### पुलिस कर रही जांच

सूचना मिलते ही पटेवा पुलिस की टीम तत्काल मौके पर पहुंची। पुलिस ने घटनास्थल का बारीकी से निरीक्षण किया और साक्ष्य जुटाए। फिलहाल, मृतका की पहचान नहीं हो सकी है। पुलिस आसपास के गांवों और लोगों से पूछताछ कर रही है ताकि युवती की पहचान की जा सके। पुलिस ने शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। पुलिस का कहना है कि मामले की गंभीरता को देखते हुए हर पहलू से जांच की जा रही है। फॉरेंसिक टीम और डॉग स्क्वायड की भी मदद ली जा रही है।

### हत्या की जताई जा रही आशंका

मृतक युवती की उम्र लगभग 25 से 26 वर्ष के बीच बताई जा रही है। शुरुआती जांच में युवती के सिर पर चोट के निशान देखे गए हैं, जिसके कारण पुलिस और स्थानीय लोग इसे प्रथम दृष्टया हत्या का मामला मान रहे हैं। हालांकि, मौत की असल वजह पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही साफ हो पाएगी।

## विरोध प्रदर्शन: बिजली टैरिफ के खिलाफ कांग्रेस ने किया आंदोलन

# कांग्रेसियों ने घेरा विद्युत दफ्तर बेरिकेड्स तोड़कर किया प्रवेश

हरिभूमि न्यूज ▸▸ महासमुंद

बिजली विभाग की लचर व्यवस्था, बिजली दरों में की गई बेतहाशा वृद्धि और जनता की मर्जी के खिलाफ जबरन स्मार्ट मीटर थोपने के विरोध में प्रदेश कांग्रेस कमेटी के निर्देशन में बुधवार को जिला कांग्रेस कमेटी ने विद्युत वितरण कंपनी कार्यालय का घेराव किया। विशाल जनआंदोलन का नेतृत्व जिला कांग्रेस अध्यक्ष व खल्लारी विधायक द्वारकाधीश यादव ने किया।

कांग्रेस के इस बड़े प्रदर्शन को रोकने के लिए प्रशासन ने बिजली विभाग के मुख्य गेट पर मजबूत बैरिकेडिंग की थी और भारी पुलिस बल तैनात किया था। जैसे ही कांग्रेसियों पुलिस और प्रदर्शनकारियों के बीच जबरदस्त झूमाझटकी हुई। आक्रोशित कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने प्रशासन के सारे इंतजामों को ध्वस्त करते हुए बैरिकेड्स को उखाड़ फेंका और बिजली विभाग कार्यालय के अंदर घुसकर उग्र प्रदर्शन किया। ▸▸ शेष पेज 11 पर



### मुख्यमंत्री का पुतला दहन

जनता पर लगातार बिजली दर बढ़ाकर आर्थिक बोझ डालने वाली भाजपा सरकार के खिलाफ कांग्रेसियों का गुस्सा सातवें आसमान पर दिखा। कार्यकर्ताओं ने बिजली कार्यालय परिसर के सामने ही प्रदेश के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय का पुतला दहन किया। पुतला दहन के दौरान भी पुलिस और कार्यकर्ताओं के बीच हुई झूमाझटकी के बीच मुख्यमंत्री का पुतला दहन पुलिस नही रोक पाई।

### उग्र आंदोलन की चेतावनी

प्रदर्शन के अंत में कांग्रेस के वरिष्ठ नेताओं ने बिजली विभाग के कार्यपालन अभियंता (ईई) को मुख्यमंत्री व राज्यपाल के नाम ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में मांग की गई कि बढ़े हुए बिजली दाम तुरंत वापस लिए जाएं और जबरन स्मार्ट मीटर लगाना बंद किया जाए। विधायक द्वारकाधीश यादव ने दो टूक शब्दों में चेतावनी दी कि यदि सरकार ने अपनी तानाशाही नीतियां वापस नहीं लीं, तो आने वाले समय में पूरे महासमुंद जिले में उग्र आंदोलन होंगे। संचालन खिलावन बघेल तथा आभार प्रदर्शन शहर कांग्रेस अध्यक्ष गुरमीत चावला ने किया।



### जनता की जेब पर डकैती डाल रही सरकार: द्वारकाधीश

प्रदर्शनकारियों को संबोधित करते हुए जिला कांग्रेस अध्यक्ष द्वारकाधीश यादव ने कहा कि भाजपा सरकार लगातार बिजली की दरों में बढ़ोतरी कर आम जनता, गरीबों और मध्यम वर्ग की कमर तोड़ रही है। पूंजीपतियों की सरकार मे आम जनता और किसान बेहाल है। आम जनता, गरीबों और मध्यम वर्ग की सहमति के बिना उनके घरों में तानाशाही पूर्वक जबरन प्रीपेड स्मार्ट मीटर थोपे जा रहे हैं। यह सिर्फ एक तकनीकी बदलाव नहीं, बल्कि जनता की जेब पर सीधे तौर पर डाका डालने का एक बड़ा खेल है। सरकार को स्मार्ट मीटर तत्काल वापस लेना होगा। एक तरफ बिजली दरें बढ़ाकर आम आदमी की कमर तोड़ी जा रही है, वहीं दूसरी तरफ 'हाफ बिजली बिल योजना' को बंद कर छत्तीसगढ़ के नागरिकों का हक छीना जा रहा है। कांग्रेस पार्टी सरकार की इस तानाशाही को कतई बर्दाश्त नहीं करेगी।

## अवैध शराब के खिलाफ आबकारी विभाग की बड़ी कार्रवाई

# तीन मामलों में 2.39 लाख की सामग्री जब्त



हरिभूमि न्यूज ▸▸ महासमुंद

जिले में अवैध शराब का कारोबार करने वालों के खिलाफ आबकारी विभाग ने सख्ती बढ़ा दी है। कलेक्टर विनय कुमार लंगेह के दिशा-निर्देशों पर जिले भर में अवैध शराब के निर्माण, परिवहन और बिक्री को रोकने के लिए एक विशेष अभियान चलाया जा रहा है। इस अभियान के तहत आबकारी अलग-अलग स्थानों पर कार्रवाई करते हुए बड़ी मात्रा में शराब और वाहनों को जब्त किया है।

जिला आबकारी अधिकारी अजय पाण्डेय ने जानकारी दी कि विभाग की टीम ने जिले के विभिन्न क्षेत्रों में दबिश देकर अवैध शराब जब्त है 16 जून शहर में विभाग की टीम ने एक कार की तलाशी ली, जिसमें से अवैध शराब बरामद हुई। इस दौरान कार और शराब को जब्त कर लिया गया। इसकी कुल कीमत 1 लाख 45 हजार 600 रुपये आंकी गई है। 17 जून बागबाहरा क्षेत्र के खुजमुड़ी घाट पर टीम ने ओडिशा राज्य में निर्मित महुआ शराब पकड़ी। इस मामले में एक मोटरसाइकिल को भी जब्त किया गया है। जब्त सामग्री की कुल कीमत 44 हजार रुपये है। 17 जून कोमाखान क्षेत्र के खम्हार घाट में भी आबकारी विभाग की टीम ने बड़ी सफलता हासिल की। यहां से ओडिशा निर्मित महुआ शराब जब्त की गई, जिसकी अनुमानित कीमत 50 हजार रुपये है। इन तीनों मामलों में कुल मिलाकर 376 लीटर शराब जब्त की गई है और परिवहन में उपयोग किए जा रहे दो वाहनों को भी कब्जे में लिया गया है। बरामद की गई शराब और वाहनों की कुल बाजार कीमत 2 लाख 39 हजार 600 रुपय आबकारी विभाग ने इन सभी मामलों में छत्तीसगढ़ आबकारी अधिनियम की धारा 34(2) के तहत प्रकरण दर्ज कर लिया है। विभाग ने इस कार्रवाई के दौरान एक आरोपी को गिरफ्तार किया है, जबकि अन्य मामलों में शामिल फरार आरोपियों की तलाश तेज कर दी गई है।

# सराफा एसोसिएशन महासमुंद की नई कार्यकारिणी का गठन



हरिभूमि न्यूज ▸▸ महासमुंद

सराफा एसोसिएशन की बैठक में सर्वसम्मति से नवीन कार्यकारिणी का गठन किया गया। महासमुंद सराफा संगठन के विकास, व्यापारियों के हितों की रक्षा एवं आपसी समन्वय को सुदृढ़ बनाने के उद्देश्य से नए पदाधिकारियों को महत्वपूर्ण जिम्मेदारियां सौंपी गईं। नवगठित कार्यकारिणी में प्रदीप झाबक अध्यक्ष, अनिल मालू उपाध्यक्ष, रवि राठी सचिव, अमन जैन कोषाध्यक्ष तथा मोहित जैन सह-सचिव नियुक्त हुए।

इस अवसर पर उपस्थित सदस्यों ने सभी नवनियुक्त पदाधिकारियों का स्वागत किया। पदाधिकारियों ने संगठन की गरिमा को बनाए रखते हुए सराफा व्यवसायियों के हित में कार्य करने, संगठन को नई ऊंचाइयों तक पहुंचाने तथा सभी सदस्यों को साथ लेकर चलने का संकल्प लिया। एसोसिएशन के सदस्यों ने नवगठित कार्यकारिणी से आशा व्यक्त की कि उनके नेतृत्व में संगठन और अधिक मजबूत एवं सक्रिय बनेगा तथा व्यापारिक एवं सामाजिक क्षेत्र में नई उपलब्धियां प्राप्त करेगा।

# मोदी सरकार के 12 वर्ष पूर्ण होने पर बसना में महिला मोर्चा का आयोजन, कम तेल-कम गैस, पौष्टिक आहार पर दिया जोर

हरिभूमि न्यूज ▸▸ महासमुंद/बसना

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के सेवा, सुशासन एवं गरीब कल्याण के 12 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में भाजपा जिला महिला मोर्चा द्वारा बसना के मंगल भवन में जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में महिलाओं ने उत्साहपूर्वक भाग लेते हुए स्वस्थ जीवनशैली और पौष्टिक आहार को अपनाने का संकल्प लिया। कार्यक्रम में छत्तीसगढ़ की कार्यक्रम प्रभारी सुमित्रा दाहिया मुख्य वक्ता के रूप में उपस्थित रहीं। यह आयोजन भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय नेतृत्व के निर्देशानुसार एवं प्रदेश महिला मोर्चा अध्यक्ष विभा अवस्थी के मार्गदर्शन में किया गया। यह कार्यक्रम सांसद एवं भाजपा उपाध्यक्ष रूपकुमारी चौधरी, भाजपा जिला अध्यक्ष येतराम साहू और विधायक संपत अग्रवाल के मार्गदर्शन तथा भाजपा महिला मोर्चा जिला अध्यक्ष स्मिता हितेश चंद्राकर के नेतृत्व में हुआ।

कार्यक्रम का मुख्य विषय बिना तेल, बिना गैस के पौष्टिक आहार तैयार करना रहा। इस दौरान महिलाओं को कम तेल और कम गैस के उपयोग से बनने वाले स्वास्थ्यवर्धक भोजन के महत्व के बारे में जानकारी दी गई। मुख्य वक्ता सुमित्रा दाहिया ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने वर्ष 2047 तक भारत को विकसित राष्ट्र बनाने का संकल्प लिया है, जिसमें मातृशक्ति की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण है। उन्होंने कहा कि स्वस्थ परिवार ही विकसित समाज और मजबूत राष्ट्र की आधारशिला है। महिलाओं को पौष्टिक, उबले हुए और कम तेल वाले भोजन को अपनाने के लिए प्रेरित किया जा रहा है, जिससे परिवार का स्वास्थ्य बेहतर होने के साथ-साथ घरेलू खर्च में भी कमी आएगी।



सांसद रूपकुमारी चौधरी ने कहा कि अधिक तेल, मसाले और गैस के उपयोग से भोजन के पोषक तत्व कम हो जाते हैं, जिससे विभिन्न बीमारियों का खतरा बढ़ता है। उन्होंने पारंपरिक खानपान की महत्ता बताते हुए कहा कि पहले लोग उबले हुए चावल और अन्य प्राकृतिक खाद्य पदार्थों का सेवन करते थे, जिससे उन्हें पर्याप्त पोषण मिलता था। प्रदेश महिला मोर्चा अध्यक्ष विभा अवस्थी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में महिलाओं को आर्थिक और सामाजिक रूप से सशक्त बनाने के लिए अनेक योजनाएं संचालित की जा रही हैं। उन्होंने कहा कि आधुनिक जीवनशैली में तले-भुने भोजन की बढ़ती प्रवृत्ति स्वास्थ्य के लिए चिंता का विषय है। विधायक डॉ संपत अग्रवाल ने कहा कि स्वस्थ और खुशहाल जीवन के लिए उबले हुए एवं कम तेल वाले भोजन को अपनी दिनचर्या का हिस्सा बनाना आवश्यक है। भाजपा जिला अध्यक्ष येतराम साहू ने कहा कि प्रधानमंत्री के आह्वान को जन जन तक पहुंचाने महिलाओं आग्रह किया। ▸▸ शेष पेज 11 पर

## धारदार हथियार से जानलेवा हमला

**महासमुंद।** ग्राम बालसी में एक व्यक्ति के ऊपर धारदार हथियार से जानलेवा हमला करने वाले आरोपी के विरूद्ध सरायपाली थाने में जुर्म दर्ज किया गया है। पुलिस को परसु राम अजगल्ले पिता रेशम लाल अजगल्ले (27 वर्ष) ने बताया कि 10 जून की रात परिवार के साथ खाना खाने के पश्चात घर के बाहर आंगन में खाट लगाकर लेटा था, बगल में ही मेरी मां रामिन बाई, पिता रेशम लाल और पत्नी चेतन अजगल्ले सोये थे। रात्रि करीब 10 बजे अचानक से मेरे सिर में धारदार वस्तु से किसी ने वार किया, जिससे गंभीर चोट आई और वह बेहोश हो गया। उसे परिवार एवं पड़ोसी सरकारी अस्पताल सरायपाली लाए एवं वहां से बसना के निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया। जहां वह 11/06/26 से 15/06/26 तक भर्ती रहा। अस्पताल में माता-पिता ने मुझे बताया कि उस रात मेरे सिर में वार करके मोहन अजगल्ले पिता चीनी लाल अजगल्ले को भागते हुए देखा था। प्रार्थी ने बताया कि मोहन लाल अजगल्ले एवं उसके परिवार के साथ हम लोगों का विवाद है, मोहन लाल अजगल्ले हमेशा धमकी देता था कि तुम लोगों को देख लूंगा। इसी रंजिश के कारण मेरी हत्या करने के इरादे से धारदार वस्तु से सिर में मारा था। मामले की रिपोर्ट पर आरोपी के विरूद्ध धारा 109 बीएनएस के तहत जुर्म दर्ज कर विवेचना में लिया गया है।

### अस्पताल में मारपीट मामला, दूसरे पक्ष ने भी लिखाई रिपोर्ट

**महासमुंद।** जिला अस्पताल के डिलीवरी वार्ड में हुई मारपीट की घटना में दूसरे पक्ष ने भी रिपोर्ट दर्ज कराई है। पुलिस को प्रार्थिया शीतल धीवर निवासी खरोरा ने बताया कि वह शासकीय अस्पताल महासमुंद के कैंटीन में खाना बनाने एवं मरीजों को खाना बांटने का काम करती है। 15 जून की शाम करीब 4 से 5 बजे के बीच जिला अस्पताल के अंदर डिलीवरी वार्ड में जूठा बर्तन उठाने अपने सहकर्मी के साथ गई थी। वापस कैंटीन की ओर जाने के दौरान ओटी कक्ष के सामने दुलेश्वर सेन महिला गार्ड कांति बाई को बोल रहा था कि मेरे को डिलीवरी वार्ड से बाहर निकाल रहे हो, तुम लोगो को देख लूंगा कहकर गाली गलौज कर रहा था। तब उसने एवं सहकर्मी ने दुलेश्वर सेन को गाली गलौज करने से मना कर वहां से जाने कहा। इस पर दुलेश्वर सेन ने उसे एवं उसकी सहकर्मी को गालियां देने लगा और मुझे थप्पड़ मार दिया। मामले की रिपोर्ट पर आरोपी के खिलाफ धारा 115(2), 296 बीएनएस के तहत जुर्म दर्ज कर विवेचना में लिया गया है।

## गोमांस और मुर्दा पशुओं से जुड़े मामलों में कलेक्टर को सौंपा ज्ञापन

# गांडा समाज का नाम आने पर जताई आपत्ति

हरिभूमि न्यूज ▸▸ महासमुंद

छत्तीसगढ़िया गांडा समाज के प्रतिनिधियों ने बुधवार को जिला कलेक्टर से मुलाकात कर राज्यपाल और मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपा। समाज ने हाल ही में सामने आए गोमांस और मुर्दा पशुओं से संबंधित आपराधिक मामलों में गांडा समाज का नाम गलत तरीके से जोड़े जाने पर कड़ी आपत्ति दर्ज कराई। पदाधिकारियों का कहना है कि आपराधिक घटनाओं में जिन लोगों का नाम लिया जा रहा है, वे वास्तव में डोम जाति से संबंधित हैं, लेकिन उन्हें गांडा समाज का बताया जा रहा है। समाज का तर्क है कि गांडा और डोम दोनों समुदायों की परंपराएं, सामाजिक रीति-रिवाज और व्यवसाय पूरी तरह से अलग हैं। गांडा समाज का पारंपरिक कार्य खेती-किसानी और लोक वाद्य यंत्रों का वादन रहा है। समाज का कहना है कि गलत पहचान के कारण पूरे गांडा समाज की छवि पर नकारात्मक असर पड़ रहा है और सामाजिक प्रतिष्ठा धूमिल हो रही है।



### समाज की प्रमुख मांगें

कलेक्टर को सौंपे गए ज्ञापन में समाज ने चार प्रमुख मांगें रखी हैं कि सरकार को गांडा और डोम जातियों के संबंध में एक विस्तृत और निष्पक्ष सामाजिक-जातीय सर्वेक्षण कराना चाहिए। दोनों समुदायों की अलग-अलग सांस्कृतिक पहचान और सामाजिक व्यवस्था को आधिकारिक रूप से स्पष्ट किया जाए ताकि भविष्य में कोई भ्रम न रहे। समाज ने मांग की है कि गांडा समुदाय के वास्तविक इतिहास और सांस्कृतिक विरासत की रक्षा के लिए उचित कदम उठाए जाएं। ऐसे मामलों में नाम का गलत इस्तेमाल न हो, इसके लिए वर्गीकरण को पूरी तरह स्पष्ट किया जाए।

# बिजली को लूट का जरिया बनाकर छत्तीसगढ़ियों की जेब पर डाका डाल रही भाजपा सरकार

हरिभूमि न्यूज ▸▸ महासमुंद



पूर्व संसदीय सचिव छग शासन व महासमुंद के पूर्व विधायक विनोद सेवन लाल चंद्राकर ने भाजपा की साय सरकार द्वारा बिजली दरों में की गई वृद्धि को लूट का जरिया बताया है। उन्होंने कहा कि छत्तीसगढ़ की जनता आज बिजली कटौती, लो-वोल्टेज और महंगे बिल की दोहरी मार झेल रही है। जिस प्रदेश के सीने में देश का 20 प्रतिशत कोयला दबा है, उसी प्रदेश की जनता बिजली जैसी मूलभूत सुविधाओं के लिए जूझ रही है। ऊपर से विष्णुदेव साय सरकार दिन-प्रतिदिन बिजली की दर बढ़ाकर आम आदमी की जेब काट रही है। प्रदेश में भाजपा की सरकार बनने के बाद पौने 3 साल में बिजली 5 बार महंगी हो चुकी है। 2023 के बाद घरेलू उपभोक्ताओं पर 80 पैसे प्रति यूनिट तक बोझ डाला गया। 2026-27 में 6.23 प्रतिशत की वृद्धि और 12 प्रतिशत ईंधन अधिभार थोपकर सरकार ने साबित कर दिया कि उसे जनता के सुख-दुख से कोई सरोकार नहीं है। चंद्राकर ने कहा कि सुशासन का ढोल पीटने वाली साय सरकार में आज जनता त्रस्त है। आने वाले समय में प्रदेश की जनता भाजपा सरकार के इस अन्याय, इस लूट और इस धोखे का मुंहतोड़ जवाब देगी।

### महुआ शराब बरामद

**महासमुंद।** कोमाखान पुलिस ने खैरटकला के शिकारीपारा कच्चे रास्ते से एक व्यक्ति के कब्जे से महुआ शराब बरामद किया। पुलिस ने आरोपी केजूराम गोड़ पिता पान सिंग (42 वर्ष) सरगीडीह पारा खैरट कला चौकी टुहलू थाना कोमाखान के कब्जे से छह लीटर हाथ भट्ठी निर्मित महुआ शराब कुल कीमत1200 रुपए को बरामद किया। मामले में आरोपी के विरूद्ध धारा 34 (2) आबकारी एक्ट के तहत कार्रवाई की गई।

# कचरा सेठों की अब होगी डिजिटल निगरानी, होटल, मॉल, बड़े अपार्टमेंट का सीपीसीबी पोर्टल पर पंजीयन अनिवार्य

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

छत्तीसगढ़ में अब बड़े पैमाने पर कचरा पैदा करने वाले संस्थानों, आवासीय परिसरों और व्यावसायिक प्रतिष्ठानों पर निगरानी और जवाबदेही बढ़ने जा रही है। राज्य सरकार ने सभी नगरीय निकायों को निर्देश दिया है कि उनके क्षेत्र में मौजूद सभी बल्क वेस्ट जनरेटर (यानी कचरा सेठ) का केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड (सीपीइबी) के ऑनलाइन पोर्टल पर तत्काल पंजीयन कराया जाए। इसके साथ ही इन संस्थानों का अलग डेटाबेस तैयार कर उनकी निगरानी भी की जाएगी।

नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग द्वारा जारी आदेश में कहा गया है कि केंद्र सरकार के नए ठोस अपशिष्ट प्रबंधन नियम-2026 एक अप्रैल 2026 से लागू हो चुके हैं। इसके अलावा सर्वोच्च न्यायालय ने भी इस संबंध में राज्यों और स्थानीय निकायों को कड़े निर्देश दिए हैं, जिसके बाद यह कार्रवाई शुरू की गई है।

## कौन हैं ये 'कचरा सेठ'

नए नियमों के तहत बल्क वेस्ट जनरेटर की परिभाषा पहले की तुलना में कहीं अधिक स्पष्ट और व्यापक कर दी गई है। ऐसे संस्थान या परिसर जिनका निर्मित क्षेत्र 20 हजार वर्गमीटर या उससे अधिक हो, या प्रतिदिन 40 हजार लीटर से ज्यादा पानी की खपत होती हो, या प्रतिदिन 100 किलोग्राम या उससे अधिक ठोस कचरा पैदा होता हो, उन्हें बल्क वेस्ट जनरेटर माना जाएगा। इसलिए ही हम इन्हें कचरा सेठ कह रहे हैं। बड़े होटल, मॉल, मल्टीप्लेक्स, अस्पताल, विश्वविद्यालय, सरकारी कार्यालय, बड़ी आवासीय सोसायटियां, रेलवे स्टेशन, बस स्टैंड और बड़े व्यावसायिक प्रतिष्ठान शामिल हो सकते हैं।

- अब कचरे की दो नहीं चार श्रेणियां हो गई हैं
- कचरा निपटान का हिसाब भी देना होगा




## सुप्रीम कोर्ट के आदेश के बाद बढ़ी सख्ती

यह पूरी कवायद सर्वोच्च न्यायालय के उस फैसले के बाद तेज हुई है जिसमें अदालत ने कहा था कि ठोस अपशिष्ट प्रबंधन नियमों का पालन न करना केवल प्रशासनिक चूक नहीं माना जा सकता। अदालत ने तीन-स्तरीय प्रवर्तन व्यवस्था लागू करने के निर्देश दिए हैं, जिसमें जुर्माना, आपराधिक कार्रवाई और जिम्मेदार अधिकारियों की जवाबदेही तक शामिल है। अदालत ने सभी बल्क वेस्ट जनरेटर को नियमों का पूर्ण पालन सुनिश्चित करने के निर्देश भी दिए थे।

## अब कचरा पैदा करने वाले ही उठाएंगे जिम्मेदारी

नए नियमों का सबसे बड़ा बदलाव यह है कि बड़े कचरा उत्पादकों की जिम्मेदारी सिर्फ कचरा नगर निगम को सौंप देने तक सीमित नहीं रहेगी। उन्हें यह भी सुनिश्चित करना होगा कि उनके द्वारा पैदा किया गया कचरा वैज्ञानिक तरीके से संसाधित हुआ है। इसके लिए एक्सटेंडेड बल्क वेस्ट जनरेटर रिस्पांसिबिलिटी की व्यवस्था लागू की गई है। सरल शब्दों में कहें तो अब कचरा फैलाओ और भूल जाओ वाली व्यवस्था समाप्त करने की कोशिश की जा रही है। कचरा पैदा करने वाले बड़े संस्थानों को उसके निपटान का प्रमाण भी देना होगा।

## नया पोर्टल बना निगरानी का हथियार

केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड ने एक जून 2026 से बल्क वेस्ट जनरेटरों के पंजीयन और निगरानी के लिए केंद्रीकृत ऑनलाइन पोर्टल शुरू किया है। राज्य सरकार ने सभी नगर निगमों, नगर पालिकाओं और नगर पंचायतों को निर्देश दिया है कि वे अपने क्षेत्र के सभी बल्क वेस्ट जनरेटरों का इस पोर्टल पर पंजीयन सुनिश्चित करें और पंजीयन की रसीद के आधार पर उनका रिकॉर्ड संधारित करें।

## चार तरह से अलग करना होगा कचरा

नए नियमों के तहत अब केवल गीला और सूखा कचरा अलग करना पर्याप्त नहीं होगा। कचरे को चार श्रेणियों— गीला, सूखा, सैनिटरी और विशेष देखभाल श्रेणी में अलग करना अनिवार्य किया गया है। इसका पालन बल्क वेस्ट जनरेटर्स सहित सभी कचरा उत्पादकों को करना होगा।

## छत्तीसगढ़ में क्या होगा असर

जानकारों का मानना है कि यदि नियमों का प्रभावी पालन हुआ तो नगर निकायों पर कचरा प्रबंधन का बोझ कम होगा और बड़े संस्थानों को अपने स्तर पर कचरा निपटान की व्यवस्था विकसित करनी पड़ेगी। हालांकि असली चुनौती ऐसे संस्थानों की पहचान, पंजीयन और बाद में उनके अनुपालन की निगरानी होगी। छत्तीसगढ़ सरकार के ताजा आदेश से स्पष्ट है कि राज्य अब कचरा प्रबंधन की जिम्मेदारी केवल नगर निकायों तक सीमित रखने के बजाय कचरा पैदा करने वाले बड़े खिलाड़ियों तक पहुंचाना चाहता है। ऐसे में आने वाले महीनों में होटल, मॉल, बड़े अपार्टमेंट, अस्पताल और संस्थानों के लिए यह केवल एक औपचारिक पंजीयन प्रक्रिया नहीं, बल्कि पर्यावरणीय जवाबदेही की नई परीक्षा साबित हो सकती है।

---

## खबर संक्षेप

### निर्माणाधीन मेडिकल कालेज पहुंचे स्वास्थ्य मंत्री

**रायपुर।** स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल ने कांकेर जिले के समीप तारसगांव में निर्माणाधीन मेडिकल कॉलेज का निरीक्षण कर प्रगति कार्यों का जायजा लिया। इस दौरान उन्होंने निर्माण कार्यों की गुणवत्ता, निर्धारित समय-सीमा तथा विभिन्न सुविधाओं की तैयारियों की विस्तृत समीक्षा की और अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान स्वास्थ्य मंत्री ने कहा कि तारसगांव में बन रहा यह मेडिकल कॉलेज क्षेत्र के स्वास्थ्य एवं शिक्षा क्षेत्र के लिए एक महत्वपूर्ण उपलब्धि साबित होगा। उन्होंने कहा कि इस परियोजना के पूर्ण होने से न केवल क्षेत्रवासियों को बेहतर एवं आधुनिक स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध होंगी, बल्कि स्थानीय युवाओं के लिए चिकित्सा शिक्षा के नए अवसर भी सृजित होंगे।



### कांग्रेस में दो मुख्य प्रवक्ता की नियुक्ति

**रायपुर।** प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष दीपक बैज के आदेश पर प्रदेश संचार विभाग में दो मुख्य प्रवक्ताओं की नियुक्ति की गई है। इनमें सुरेंद्र शर्मा और घनश्याम राजू तिवारी को मुख्य प्रवक्ता बनाया गया है। अब संचार विभाग में 7 मुख्य प्रवक्ता हो गए हैं। पीसीसी के प्रभारी महामंत्री मलकीत सिंह गैंदू ने इसका आदेश जारी कर दिया है।

### भाजपा सरकार स्कूलों को आरएसएस की शाखा में परिवर्तित करना चाह रही

**रायपुर।** प्रदेश कांग्रेस संचार विभाग के अध्यक्ष सुशील आनंद शुक्ला ने कहा, भाजपा सरकार स्कूलों को आरएसएस की शाखा में परिवर्तित करना चाह रही है। स्कूलों में सुबह दीप मंत्र, सरस्वती वंदना, गुरु मंत्र, मध्यान्ह में भोजन मंत्र, शाम को छुट्टी होने पर गायत्री मंत्र एवं शांति मंत्र का वाचन बच्चों से कराया जाना संविधान के खिलाफ है। उन्होंने कहा, संविधान के अनुच्छेद 28(1) के तहत पूर्णतः राज्य-निधि से संचालित शिक्षण संस्थानों में किसी भी प्रकार की धार्मिक शिक्षा या विशिष्ट धार्मिक प्रार्थना आयोजित नहीं की जा सकती।



---

बीटीआई रोड शंकर नगर सहित 5 शहरों की प्राइम लोकेशन की भूमि पर बनेंगे

# रीडेवलपमेंट योजना की पांच परियोजनाओं का टेंडर हाउसिंग एण्ड इंफ्रास्ट्रक्चर डेवलपमेंट बोर्ड ने किया जारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

छत्तीसगढ़ गृह निर्माण एवं अधोसंरचना विकास मंडल राज्य के विभिन्न शहरों में 5 प्रमुख रीडेवलपमेंट परियोजनाओं की शुरुआत करने जा रहा है। छत्तीसगढ़ शासन द्वारा शहरी विकास, शासकीय परिसंपत्तियों के बेहतर उपयोग तथा आधुनिक नागरिक सुविधाओं के विस्तार की दिशा में उठाया गया एक महत्वपूर्ण कदम है। यह राज्य की रीडेवलपमेंट नीति के तहत विकसित की जाएंगी। आवास एवं पर्यावरण विभाग को नोडल तथा छत्तीसगढ़ गृह निर्माण एवं अधोसंरचना विकास मंडल को क्रियान्वयन एजेंसी की जिम्मेदारी सौंपी गई है।

रीडेवलपमेंट परियोजनाओं के तहत मंडल द्वारा प्रिलिमिनरी प्रोजेक्ट रिपोर्ट और विस्तृत परियोजना प्रतिवेदन तैयार किए गए हैं। साथ ही निजी डेवलपर्स के चयन के लिए पारदर्शी निविदा प्रक्रिया तथा परियोजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन की व्यवस्था की गई है। कैबिनेट द्वारा पहले ही प्रस्तावित परियोजनाओं को सैद्धांतिक स्वीकृति प्रदान की जा चुकी है। इसके बाद 27 मई को मुख्य सचिव की अध्यक्षता में आयोजित बैठक में इन परियोजनाओं के अंतिम स्वरूप पर विस्तृत चर्चा कर अनुमोदन दिया गया। आयुक्त अवनीश कुमार शरण द्वारा मंगलवार को टीएल बैठक में इसकी समीक्षा की गई तथा अगले रीडेवलपमेंट की 8 परियोजनाओं को जल्द तैयार कर प्रस्तुत करने निर्देश दिया ।




## योजनाओं का टेंडर जारी

प्रस्तावित परियोजनाओं का कुल क्षेत्रफल 19.14 एकड़ है तथा वर्ष 2025-26 की संशोधित गाइडलाइन दरों के अनुसार इनका अनुमानित मूल्य लगभग 250.30 करोड़ रुपये है। ये परियोजनाएं बीटीआई रोड शंकर नगर रायपुर, क्लब पारा महासमुंद, कैलाश नगर राजनांदगांव, कटघोरा कोरबा तथा चांदनी चौक फेज-2 जगदलपुर में विकसित की जाएंगी। इन पांचो रिडेवलपमेंट योजनाओं का टेंडर बोर्ड द्वारा जारी कर दिया गया है।

## निजी डेवलपर्स के लिए अच्छा अवसर

इन परियोजनाओं के लिए अतिरिक्त वित्तीय भार की आवश्यकता नहीं होगी। शासकीय भूमि के मूल्य का उपयोग परियोजनाओं के वित्तीय संसाधन के रूप में किया जाएगा। शासकीय भूमि का इससे सर्वोत्तम उपयोग सुनिश्चित होने के साथ राज्य को अतिरिक्त राजस्व भी प्राप्त होगा। यह पहल निजी डेवलपर्स के लिए भी आकर्षक अवसर प्रदान करती है। उन्हें शहरों के प्रमुख क्षेत्रों में स्थित प्राइम लोकेशन वाली भूमि पर परियोजनाएं विकसित करने का अवसर मिलेगा।

## जर्जर और अनुपयोगी सरकारी परिसंपत्तियों का बेहतर उपयोग

राजधानी रायपुर में प्रस्तावित परियोजना विशेष महत्व रखती है। यह परियोजना शहर के प्रमुख और विकसित क्षेत्र शंकर नगर बीटीआई ग्राउंड के समीप सिंधु भवन के बाजू में स्थित है। यह क्षेत्र शैक्षणिक, प्रशासनिक, व्यावसायिक और आवासीय गतिविधियों का प्रमुख केंद्र है। परियोजना के विकसित होने से क्षेत्र में आधुनिक अधोसंरचना का विस्तार होगा तथा शासकीय परिसंपत्तियों का बेहतर उपयोग सुनिश्चित किया जा सकेगा। रिडेवलपमेंट मॉडल के तहत जर्जर और अनुपयोगी सरकारी परिसंपत्तियों के स्थान पर आधुनिक एवं सुव्यवस्थित अधोसंरचना विकसित की जाएगी।

## शहरी विकास का मिलेगी गति : चौधरी

आवास एवं पर्यावरण मंत्री ओपी चौधरी ने कहा, मुख्यमंत्री के नेतृत्व में राज्य सरकार शहरी विकास को नई दिशा देने के लिए प्रतिबद्ध है। इस नीति के माध्यम से अनुपयोगी और जर्जर शासकीय परिसंपत्तियों को आधुनिक एवं उपयोगी अधोसंरचना में परिवर्तित किया जाएगा। इससे शहरों की कार्यक्षमता और सौंदर्य बढ़ेगा। वहीं सार्वजनिक संसाधनों का बेहतर उपयोग सुनिश्चित होगा। उन्होंने कहा, सार्वजनिक-निजी सहभागिता के माध्यम से आधुनिक और नागरिक-केंद्रित शहरी विकास को नई गति मिलेगी।

## शहरी क्षेत्रों का समग्र कायाकल्प- सिंहदेव

छत्तीसगढ़ गृह निर्माण एवं अधोसंरचना विकास मंडल के अध्यक्ष अनुराग सिंहदेव ने कहा, मंडल राज्य में रिडेवलपमेंट की नई कार्यसंस्कृति स्थापित कर रहा है। ये परियोजनाएं केवल भवन निर्माण तक सीमित नहीं हैं, बल्कि शहरी क्षेत्रों के समग्र कायाकल्प का प्रयास हैं। उन्होंने कहा, बीटीआई ग्राउंड, शंकर नगर के सामने प्रस्तावित परियोजना राजधानी रायपुर के लिए एक आदर्श शहरी विकास मॉडल साबित होगी।

---

# काम के साथ घर-परिवार की जिम्मेदारी निभाना एवं मानसिक रूप से स्वस्थ रहना बहुत जरूरी




हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

भागदौड़ की इस जिंदगी में परिवार और काम के बीच संतुलन बनाने के साथ स्वयं को भी मानसिक एवं शारीरिक रूप से स्वस्थ रख पाना चुनौतीपूर्ण है, लेकिन नामुमकिन नहीं है।

सरकारी दफ्तरों में कार्य करने वाले कई कर्मचारी इस तरह का चुनौतीपूर्ण जीवन जी रहे हैं, जिसके कारण वे तनाव में भी रहते हैं। इस तनाव को दूर करने और कार्य तथा जीवन में संतुलन बनाए रखने के लिए ही कलेक्टर की पहल पर प्रोजेक्ट शांति की शुरुआत की गई है। इस प्रोजेक्ट शांति के तहत पहला विशेष सत्र मंगलवार को आयोजित हुआ, जिसमें कलेक्टर गौरव सिंह सहित कई अधिकारियों के साथ विभिन्न विभागों के अधिकारी भी शामिल हुए।

## कर्मचारियों को मानसिक रूप से स्वस्थ्य रहना जरूरी

कलेक्टोरेट स्थित रेडक्रास हॉल में आयोजित सत्र के दौरान कलेक्टर गौरव सिंह ने कहा कि सरकारी कर्मचारियों के लिए मानसिक रूप से स्वस्थ रहना उतना ही जरूरी है, जितना अपने काम को पूरी जिम्मेदारी से करना। उन्होंने अधिकारियों से समय पर कार्यालय आने और समय पर घर जाने, कार्यालय में पूरी दक्षता और ईमानदारी से काम करने तथा परिवार के लिए भी पर्याप्त समय निकालने की अपील की। उन्होंने कहा कि संतुलित जीवन से कर्मचारी बेहतर प्रदर्शन कर सकते हैं और जनता को भी अच्छी सेवाएं मिलती हैं। उन्होंने जिले के सभी विभागाध्यक्षों को प्रेरित किया कि वे भी अपने-अपने कार्यालयों में इस तरह के मानसिक स्वास्थ्य और वर्क-लाइफ बैलेंस से जुड़े सत्र निःशुल्क आयोजित करें, ताकि अधिक से अधिक अधिकारी-कर्मचारी इसका लाभ उठा सकें और कार्यालय में सकारात्मक वातावरण तैयार हो।

## प्रोजेक्ट शांति के तहत वर्क-लाइफ बैलेंस पर हुई चर्चा

सत्र में हमिंग माइंड्स लाइफ की प्रमुख मनोवैज्ञानिक तनीषा पोद्दार ने अधिकारियों से मानसिक स्वास्थ्य, तनाव प्रबंधन, आत्म-समझ और कार्य-जीवन संतुलन जैसे विषयों पर चर्चा की। अधिकारियों ने विभिन्न गतिविधियों और अभ्यासों में भाग भी लिया। सत्र में एडीएम उमाशंकर बंदे, अपर कलेक्टर कीर्तिमान सिंह राठौर, मनीष मिश्रा सहित अन्य विभागों के अधिकारी मौजूद रहे।

---

# कृषि कार्य के बीच डीजल की किल्लत से किसान परेशान, खेतों में प्रभावित हो रहा काम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

छत्तीसगढ़ में खरीफ सीजन के दौरान कृषि कार्य तेज होने के बीच कई इलाकों से डीजल की उपलब्धता को लेकर किसानों की परेशानी सामने आ रही है। ट्रैक्टरों से जुताई, बुवाई और सिंचाई जैसे कार्य डीजल पर निर्भर होने के कारण किसानों को समय पर ईंधन नहीं मिलने से कृषि कार्य प्रभावित हो रहे हैं। किसानों का कहना है कि कई पेट्रोल पंपों पर डीजल की सीमित उपलब्धता के कारण उन्हें लंबी दूरी तय करनी पड़ रही है, जबकि कुछ स्थानों पर इंतजार भी करना पड़ रहा है। इससे खेतों की तैयारी और बुवाई का काम प्रभावित होने की आशंका बढ़ गई है। छत्तीसगढ़ में डीजल का संकट मुख्य रूप से कांकेर, सुकमा, दंतेवाड़ा, कोंडागांव, बिलासपुर, रायपुर, गरियाबंद, बालोद और जांजगीर-चांपा जिलों में गहरा गया है। कृषि कार्य के दौरान डीजल की भारी किल्लत के कारण किसानों को परेशानी हो रही है, जिससे नाराज होकर किसानों ने कई जिलों में चक्काजाम भी किया था। सुकमा जिले में केवल पुलिस लाइन स्थित पेट्रोल पंप पर ही ईंधन उपलब्ध होने से सुकमा में भारी भीड़ और अफरा-तफरी की स्थिति है। औद्योगिक इकाइयों द्वारा उपभोक्ता पंपों की बजाय सस्ते रिटेल पंपों से ईंधन खरीदने के कारण डीजल संकट है। इसका बुरा असर कृषि कार्यों (ट्रैक्टर संचालन) और यात्री परिवहन (बसों और ट्रकों) पर पड़ रहा है। कई पंपों पर टोकन सिस्टम या सीमित मात्रा में ही ईंधन दिया जा रहा है।

- एक दर्जन जिलों में डीजल की कमी ने बढ़ाई चिंता

## सरकार का दावा पर्याप्त भंडार

हालांकि राज्य सरकार ने दावा किया है कि प्रदेश में डीजल का पर्याप्त भंडार उपलब्ध है और खरीफ सीजन को देखते हुए किसानों के लिए डीजल की निर्बाध आपूर्ति सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए हैं। सरकार ने जिला प्रशासन और तेल कंपनियों को नियमित निगरानी रखने तथा कृषि कार्यों के लिए डीजल की उपलब्धता बनाए रखने को कहा है।

---

# जेवरात से भरा बैग लौटाने वाले आरक्षक सहित दो पुलिसकर्मी हुए सम्मानित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

सड़क पर गिरे मिले सोने-चांदी के जेवरात से भरे बैग को उसके मालिक तक पहुंचाने का कार्य करने वाले यातायात विभाग के आरक्षक आशुतोष नेताम को पुलिस कमिश्नर संजीव शुक्ला ने नकदी रुपए और प्रशस्ति पत्र देकर सम्म्मनित किया है। इसके अलावा तेलघानी नाका चौक पर ट्रैफिम जाम की समस्या से राहत पहुंचाने वाले आरक्षक दीपक वर्मा को भी सम्मानित किया है।

यातायात थाना भनपुरी में पदस्थ प्रधान आरक्षक 691 आशुतोष नेताम की ड्यूटी 15 जून को भनपुरी तिराहा पर लगी थी। ड्यूटी के दौरान उनकी नजर चौक पर गिरे हुए बैग पर पड़ी। इसे उठाकर देखा, तो उसमें सोने-चांदी के जेवरात जिसकी कुल कीमत लगभग 4 लाख रुपए, नकदी 11700 रुपए सहित आधार कार्ड, दिव्यांग प्रमाण पत्र आदि कागजात एवं कपड़े रखे मिले। आरक्षक बैग को यातायात थाने ले गया और बैग से बरामद आधार कार्ड में अंकित मोबाइल नंबर पर कॉल करके बैग मलिक को सूचना देकर थाना बुलाकर बैग उसके सुपुर्द किया। इस कार्य के लिए कमिश्नर ने उन्हें दो हजार रुपए और प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया। इसी प्रकार तेलघानी नाका चौक पर शाम के समय पीक अवर्स में यातायात का अत्यधिक दबाव के कारण जाम की स्थिति निर्मित होती थी। यहां यातायात थाना फाफाडीह से आरक्षक 999 दीपक वर्मा की ड्यूटी लगाई गई है। दीपक जब से यहां ड्यूटी कर रहा है, तब से यहां जाम की स्थिति नहीं बनी है। इसे लेकर इस क्षेत्र के व्यवसायियों ने भी आरक्षक की प्रशंसा की है। पूरी ईमानदारी और निष्ठा के साथ कार्य करने पर कमिश्नर ने दीपक को भी पांच सौ रुपए एवं प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया। इस अवसर पर विवेक शुक्ला पुलिस उपायुक्त यातायात एवं प्रोटोकॉल, सतीष कुमार ठाकुर, सीमा अहिरवार सहायक पुलिस आयुक्त एवं राकेश ठाकुर थाना प्रभारी यातायात भनपुरी उपस्थित थे।



---

विधायक सुनील सोनी और महापौर मीनल चौबे पहुंचे कुशालपुर हाईस्कूल

# शाला प्रवेशोत्सव के साथ कुशालपुर में 70 लाख के विकास कार्यों की शुरुआत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

वामनराव लाखे वार्ड स्थित शासकीय हाईस्कूल कुशालपुर में आयोजित शाला प्रवेशोत्सव में रायपुर दक्षिण विधायक सुनील सोनी और महापौर मीनल चौबे शामिल हुए। इस मौके पर वामन राव लाखे वार्ड एवं महंत लक्ष्मीनारायण दास वार्ड के नागरिकों की सुविधा के लिए 70 लाख के स्वीकृत लागत से विकास कार्यों का भूमिपूजन किया।

वामनराव लाखे वार्ड में करीबन 60 लाख के कार्य अधोसंरचना मद एवं दक्षिण विधायक निधि मद से करवाए जाएंगे। महंत लक्ष्मीनारायण दास वार्ड में विधायक निधि से खो -खो तालाब के पास नहावन सहित अन्य आयोजनों के लिए 10 लाख रुपए में विधायक निधि मद से शेड निर्माण कराए जाएंगे। वामनराव लाखे वार्ड में कुशालपुर स्कूल परिसर में बच्चों के लिए प्रार्थना शेड का निर्माण होगा। इसके अलावा रोड, नाली पुलिया, सामुदायिक भवन जैसे वार्ड 66 के 10 अलग-अलग स्थानों पर शुरू होंगे।



दक्षिण विधायक सुनील सोनी ने शाला प्रवेशोत्सव पर शिक्षक -शिक्षिकाओं औरबच्चों को हार्दिक बधाई दी। श्री सोनी ने गुरूजनों से बच्चों को अच्छी शिक्षा देने का अनुरोध किया साथ ही, शिक्षा के प्रति सकारात्मक भाव जागृत करने कार्य करने की अपील की। कक्षा दसवीं में प्रथम आई छात्रा अनामिका पांडे और दामिनी साहू को सम्मानित किया गया। सुनील सोनी ने महापौर मीनल चौबे से अनुरोध किया कि वे उन्हें एवं सांसद बृजमोहन अग्रवाल को साथ लेकर कुशालपुर में जलभराव की समस्या शीघ्र दूर करने एनएचआई से लगातार प्रयास कर राष्ट्रीय राजमार्ग से नाला कासिंग कार्य करवाने जल्द पहल करेंगे। महापौर मीनल चौबे ने इस मौके पर कहा कि तब के कुशालपुर और आज के कुशालपुर में काफी अंतर है। यहां का विकास करने सांसद बृजमोहन अग्रवाल एवं दक्षिण विधायक सुनील सोनी का निरंतर प्रयास रहा है।

महापौर रहते हुए श्री सोनी ने शहर में 17 पानी टंकियां बनवाकर शहर की पेयजल समस्या को दूर करवाने का कार्य किया। उन्हीं के प्रयासों से कुशालपुर में पानी टंकी बनी और यहां की जल समस्या का निदान हो सका। महापौर ने कहा कि कुशालपुर में जलभराव की समस्या दूर करने उनके द्वारा सतत प्रयास किये जा रहे है एवं राष्ट्रीय राजमार्ग से नाला कासिंग करवाकर शीघ्र समस्या निदान करवाने कार्य किया जायेगा।

## ये हुए शामिल

भूमिपूजन कार्यक्रम में शहर जिला भाजपा अध्यक्ष रमेश सिंह ठाकुर, एमआईसी सदस्य दीपक जायसवाल, सरिता दुबे, जोन 5 अध्यक्ष अंबर अग्रवाल, जोन 4 अध्यक्ष मुरली शर्मा, जोन 6 अध्यक्ष बद्री प्रसाद गुप्ता, वार्ड पार्षद कृष्णा सोनकर,श्री ममता तिवारी, दुर्गा साहू, पूर्व पार्षद विजेता यादव, अखिलेश कश्यप, मंडल अध्यक्ष सचिन संघवी, पूर्व मंडल अध्यक्ष महेश शर्मा, सामाजिक कार्यकर्ता रामकिंकर ठाकुर, जोन 5 जोन कमिश्नर खीरसागर नायक, कार्यपालन अभियंता लाल महेन्द्र प्रताप सिंह, सहायक अभियंता नागेश रामटेके, उपअभियंता कृति शर्मा, स्कूल प्राचार्य व्हीके तिवारी सहित शाला परिवार के सदस्य व गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

---

# प्रदेश में धान खरीदी का अध्ययन करने 19 जून को आएंगे महाराष्ट्र के विधायक

मुख्यमंत्री साय से भी मुलाकात करेंगे

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

छत्तीसगढ़ में होने वाली धान खरीदी की प्रक्रिया समझने के लिए महाराष्ट्र सरकार राज्य के विधायकों का एक प्रतिनिधिमंडल राज्य के दौरे पर भेज रही है। विधायक यहां पर 19 जून को आएंगे। उन्हें खाद्य विभाग और मार्कफेड के अधिकारी समर्थन मूल्य में धान खरीदी की पूरी प्रक्रिया के बारे में बताएंगे।

बताया गया है कि राज्य बनने के बाद से शुरू हुई धान खरीदी लगातार चल रही है। खरीदी में कई परिवर्तन आए हैं। अब यह डिजिटल माध्यमों का उपयोग कर पारदर्शी बनाने का प्रयास किया गया है। इन सबसे प्रभावित होकर महाराष्ट्र सरकार की ओर से 9 विधायकों का दल आ रहा है। यह राज्य में समर्थन मूल्य में होने वाली धान खरीदी के मॉडल का अध्ययन करेगा।



यहां पर धान की खरीदी में किसानों का पंजीयन से लेकर धान विक्रय करने टोकन की व्यवस्था और अन्य सुविधाओं को लेकर चर्चा की जाएगी। खरीदी के बाद भुगतान प्रक्रिया, स्टेकिंग, धान का उठाव से लेकर मिलिंग तक की प्रक्रिया के बारे में अधिकारियों से जानकारी लेगा। बताया गया है कि प्रतिनिधिमंडल एक धान खरीदी केंद्र का अवलोकन भी करेगा। अफसरों से जानकारी लेने के बाद प्रतिनिधिमंडल मुख्यमंत्री विष्णुद्रेव साय से भी मुलाकात करेगा।

## खबर संक्षेप



### जिला शिक्षा अधिकारी बनाए गए चंद्राकर, डाइट से दी गई विदाई

**महासमुंद।** जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान (डाइट) में पदस्थ सहायक प्राध्यापक राजेश चंद्राकर को गरियाबंद जिले का जिला शिक्षा अधिकारी का दायित्व मिलने पर उन्हें सम्मानित करते हुए विदाई दी गई। इस अवसर पर प्राचार्य अरुण प्रधान ने कहा कि चंद्राकर कर्तव्य निष्ठा के प्रतिमूर्ति है। उनके द्वारा की गई अनेक उल्लेखनीय कार्य हमेशा याद किया जाएगा। उपप्राचार्य उमादेवी शर्मा ने कहा कि राजेश चंद्राकर का डाइट में 10 वर्षों का कार्यकाल शिक्षकों एवं छात्राध्यापकों के लिए प्रशंसनीय रहा है। डाइट में संचालित विभिन्न प्रशिक्षकों में उनका विशेष योगदान रहा है। इस अवसर पर डाइट परिवार द्वारा उन्हें सम्मानित करते हुए विदाई गई। कार्यक्रम के दौरान सहायक प्राध्यापक सुलमा द्विवेदी, व्याख्याता संतोष साहू, टेकराम सेन, सुमन दीवान, किरण कन्नौजे, तिलोत्मा प्रधान, ईश्वर चंद्राकर, झरना साहू, कार्यालयीन स्टाफ की ओर से सुनील साहू ने कहा कि राजेश चंद्राकर को डाइट में शाला अनुभव कार्यक्रम एवं बालवाड़ी शिक्षण, अंग्रेजी शिक्षण में विशेष योगदान रहा है। साहित्यिक एवं सांस्कृतिक प्रभारी व्याख्याता टेकराम सेन ने अपने काव्यमय अंदाज में चंद्राकर को सम्मानित किया। उन्होंने कहा कि हमारे छात्राध्यापक आपके इंग्लिश क्लब से विशेष लाभान्वित होते रहे हैं। सभी ने एक स्वर में एक नई जिम्मेदारी (जिला शिक्षा अधिकारी) के लिए शुभकामनाएं दी। सम्मान एवं विदाई समारोह के अवसर पर सुनील मरकाम, सुषेण दीवान, आकांक्षा साहू, प्रदीप साहू, योगेंद्र पांडे, मीना साहू, गरिमा सिंह राजपूत, तरुण चंद्राकर, हीरामन, अजय, उदित, पदमा सहित उपस्थित थे। कार्यक्रम का संचालन व्याख्याता टेकराम सेन एवं आभार प्रदर्शन ईश्वर चंद्राकर ने किया।

**स्वास्थ्य सेवा : आयुष्मान भारत डिजिटल मिशन पर एक दिवसीय कार्यशाला**

# निजी अस्पतालों में भी बनेगा आभा कार्ड, मरीजों की पूरी मेडिकल हिस्ट्री होगी ऑनलाइन सुरक्षित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

आयुष्मान भारत डिजिटल मिशन के तहत महासमुंद जिले का चयन मॉडल जिला के रूप में किया गया है। इस पहल के प्रभावी क्रियान्वयन के लिए सोमवार को जिला पंचायत महासमुंद के सभागार में एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला में आयुष्मान भारत डिजिटल मिशन के विभिन्न प्रावधानों, उद्देश्यों एवं कार्ययोजना की विस्तृत जानकारी प्रदान की गई।

कार्यशाला में मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. आई. नागेश्वर राव एवं राज्य स्तरीय टीम के अधिकारियों ने प्रस्तुतीकरण के माध्यम से आयुष्मान भारत डिजिटल मिशन के विभिन्न घटकों, उनकी उपयोगिता तथा मॉडल जिला बनाने की कार्ययोजना की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि डिजिटल हेल्थ सिस्टम लागू होने से मरीजों, अस्पतालों एवं स्वास्थ्य विभाग के बीच बेहतर समन्वय स्थापित होगा।कार्यशाला में बताया गया कि आयुष्मान भारत योजना से सूचीबद्ध अस्पतालों में भर्ती होने वाले मरीजों के उपचार की पूरी प्रक्रिया अब डिजिटल प्लेटफॉर्म से जुड़ी होगी। मरीज के भर्ती होने से लेकर जांच, दवा, उपचार एवं डिस्चार्ज तक की समस्त जानकारी ऑनलाइन दर्ज की जाएगी। इससे स्वास्थ्य सेवाओं में पारदर्शिता बढ़ेगी तथा मरीजों के उपचार संबंधी रिकॉर्ड सुरक्षित एवं व्यवस्थित रूप से उपलब्ध रहेंगे। कार्यशाला के दौरान हेल्थ फैसिलिटी रजिस्टर को जिले में प्रभावी रूप से लागू करने की जानकारी दी गई। इसके माध्यम से अस्पतालों एवं स्वास्थ्य संस्थानों को डिजिटल नेटवर्क से जोड़ा जाएगा, जिससे मरीजों की स्वास्थ्य संबंधी जानकारी डिजिटल रूप में संरक्षित रहेगी



और आवश्यकता पड़ने पर किसी भी अस्पताल में आसानी से उपलब्ध हो सकेगी। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. आई. नागेश्वर राव ने सभी खंड चिकित्सा अधिकारियों, विकासखंड कार्यक्रम प्रबंधकों एवं निजी अस्पतालों के प्रतिनिधियों को निर्देशित करते हुए कहा कि महासमुंद को मॉडल डिजिटल हेल्थ जिला बनाने के लिए सभी संबंधित संस्थानों को युद्धस्तर पर कार्य करना होगा। कार्यशाला में बताया गया कि आयुष्मान भारत डिजिटल मिशन के तहत अब जिले के सभी निजी अस्पतालों एवं क्लीनिकों में भी आभा (एबीएचए) कार्ड बनाने की सुविधा उपलब्ध कराई जाएगी। अब तक यह सुविधा मुख्य रूप से शासकीय अस्पतालों में उपलब्ध थी। आभा कार्ड बनने के बाद मरीज की एक डिजिटल हेल्थ आईडी तैयार होगी, जिसमें उसके उपचार, जांच, दवाइयों तथा चिकित्सकीय इतिहास का संपूर्ण रिकॉर्ड सुरक्षित रहेगा। इससे मरीजों को बार-बार कागजी दस्तावेज साथ रखने की आवश्यकता नहीं पड़ेगी तथा उपचार प्रक्रिया और अधिक सरल एवं सुविधाजनक होगी। आयुष्मान भारत डिजिटल मिशन के प्रमुख लाभ मरीज की पूरी मेडिकल हिस्ट्री ऑनलाइन उपलब्ध रहेगी। भर्ती से डिस्चार्ज तक की प्रत्येक प्रक्रिया डिजिटल रूप से दर्ज होगी। जिले के 29 निजी अस्पतालों में भी आभा कार्ड बनाया जाएगा। उपचार में पारदर्शिता एवं निगरानी बढ़ेगी। फर्जी क्लेम एवं रिकॉर्ड संबंधी गड़बड़ियों की संभावना कम होगी। मरीजों को कागजी दस्तावेजों पर निर्भर नहीं रहना पड़ेगा। कार्यशाला में संयुक्त संचालक सह अस्पताल अधीक्षक डॉ. बसंत माहेश्वरी, जिला नोडल अधिकारी आयुष्मान भारत जन आरोग्य योजना डॉ. वीपी सिंह, नर्सिंग होम एक्ट के जिला नोडल अधिकारी डॉ. छत्रपाल चंद्राकर, जिला कार्यक्रम प्रबंधक नीलू धृतलहरे, सभी खंड चिकित्सा अधिकारी, विकासखंड कार्यक्रम प्रबंधक, निजी अस्पतालों के प्रतिनिधि एवं जिला क्रियान्वयन इकाई के सदस्य उपस्थित रहे।

## प्रथम दिवस विद्यार्थियों का बैंड-बाजे एवं तिलक लगाकर किया स्वागत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

शासकीय हाईस्कूल लाफिनखुर्द में शिक्षा सत्र 2026 के प्रथम दिवस नवप्रवेशी एवं समस्त विद्यार्थियों का उत्साहपूर्ण स्वागत किया गया। इस अवसर पर शाला प्रबंधन एवं विकास समिति के अध्यक्ष सुंदरलाल साहू, सांसद प्रतिनिधि नामदेव साहू, संतोष कुमार साहू तथा विद्यालय परिवार की उपस्थिति में बच्चों का बैंड-बाजे के साथ तिलक लगाकर स्वागत किया गया। साथ ही विद्यार्थियों को मिठाई खिलाकर उनका मुंह मीठा कराया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती के पूजन, सरस्वती वंदना एवं हनुमान चालीसा के पाठ के साथ किया गया। इस अवसर पर विद्यालय के प्राचार्य भारत साहू ने विद्यार्थियों को नए शिक्षा सत्र की शुभकामनाएं देते हुए विद्यालय के अनुशासन, नियमित उपस्थिति एवं अध्ययन के महत्व पर प्रकाश डाला। उन्होंने विद्यार्थियों से अपने आसपास के अन्य बच्चों को भी शीघ्र विद्यालय में प्रवेश दिलाने हेतु प्रेरित करने का आग्रह किया।



शाला प्रबंधन एवं विकास समिति के अध्यक्ष सुंदरलाल साहू ने विद्यार्थियों का स्वागत करते हुए कहा कि नियमित रूप से विद्यालय आकर मन लगाकर अध्ययन करें तथा शिक्षकों के मार्गदर्शन एवं निर्देशों का पालन करें। विद्यालय की व्याख्याता प्रीति चंद्राकर ने विद्यार्थियों को नियमित अध्ययन, समयपालन एवं अनुशासित जीवन अपनाने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम के अंत में सभी विद्यार्थियों को चॉकलेट वितरित किए। विद्यालय परिसर में नए सत्र के प्रथम दिवस उत्साह, उमंग एवं आनंद का वातावरण देखने को मिला।





## फोटो प्रदर्शनी के दूसरे दिन भी आमजनों का उत्साह देखने को मिला

### जनप्रतिनिधियों सहित नागरिकों ने शासन की योजनाओं को सराहा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार के 12 वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर जनसंपर्क विभाग द्वारा शहर के लोहिया चौक में आयोजित तीन दिवसीय फोटो प्रदर्शनी के दूसरे दिन भी आमजनों का उत्साह देखने को मिला। बड़ी संख्या में नागरिकों ने प्रदर्शनी का अवलोकन कर केंद्र एवं राज्य शासन की विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं, विकास कार्यों एवं उपलब्धियों की जानकारी प्राप्त की। ग्राम बेमचा से आए नरसिंह भोई ने कहा कि प्रदर्शनी के जरिए उन्हें शासन की कई महत्वपूर्ण एवं लाभकारी योजनाओं की जानकारी मिली। उन्होंने कहा कि इस प्रकार के आयोजन ग्रामीण एवं शहरी नागरिकों को शासन की योजनाओं से जोड़ने में विशेष भूमिका निभाते हैं। इसी तरह शहर की मंजुला शर्मा एवं राजेश साहू ने भी प्रदर्शनी का अवलोकन किया। उन्होंने बताया कि ऐसी प्रदर्शनी के माध्यम से शासन की नई-नई योजनाओं, उपलब्धियों और विकास कार्यों की जानकारी सहज रूप से प्राप्त होती है, जिससे आमजन जागरूक होते हैं।

## जिले में श्रमिक पंजीयन एवं नवीनीकरण के लिए मोबाइल कैंप शिविर 31 जुलाई तक, नांदगांव महासमुंद एवं गिरना पिथौरा में शिविर आज

**महासमुंद।** छत्तीसगढ़ भवन एवं अन्य सन्निर्माण कर्मकार कल्याण मंडल तथा छत्तीसगढ़ असंगठित कर्मकार मंडल के अंतर्गत पंजीकृत श्रमिकों के पंजीयन एवं नवीनीकरण के लिए जिले में व्यापक स्तर पर मोबाइल कैंप शिविरों का आयोजन किया जा रहा है। यह अभियान 18 जून 2026 से 31 जुलाई 2026 तक लगातार संचालित किया जा रहा है, जिसके तहत विकासखंडवार विभिन्न ग्राम पंचायतों में शिविर लगाए जा रहे हैं ताकि अधिक से अधिक श्रमिकों तक सुविधा पहुंचाई जा सके। श्रम पदाधिकारी डीएन पात्र ने बताया कि 18 जून को महासमुंद विकासखंड के ग्राम नांदगांव एवं पिथौरा अंतर्गत ग्राम गिरना में शिविर आयोजित किया जाएगा। इसी तरह 19 जून को गढ़फुलझर बसना एवं पंडरीपानी बागबाहरा, 22 जून को केना सरायपाली, 23 जून को घोड़ारी महासमुंद एवं पिपरौद पिथौरा, 24 जून को कायतपाली बसना एवं तुपकबोर बागबाहरा, 25 जून को पतेरापाली सरायपाली तथा 30 जून को मोंगरा महासमुंद, ठाकुरदियाकला पिथौरा एवं लमकसा बसना में शिविर आयोजित होंगे। वहीं 01 जुलाई को कलमीदादर बागबाहरा एवं सरगुनाभाठा सरायपाली में, 3 जुलाई को मोरधा महासमुंद एवं घोंच पिथौरा, 6 जुलाई को ठाकुरपाली बसना एवं बिरजापाली बागबाहरा, 7 जुलाई को सहजपानी सरायपाली, 8 जून को बोरियाझर महासमुंद एवं घोघरा पिथौरा, 9 जुलाई को नानकसागर बसना एवं खट्टी बागबाहरा, 10 जुलाई को जलगढ़ सरायपाली, 13 जुलाई को उमरदा महासमुंद एवं नयापारा पिथौरा, 14 जुलाई को चिमरकेल बसना एवं बिडोरा बागबाहरा, 15 जुलाई को केसराटाल सरायपाली एवं सोरिद महासमुंद, 16 जुलाई को सुखीपाली पिथौरा एवं छोटपटनी बसना, 17 जुलाई को कसेकेरा बागबाहरा, 20 जुलाई को मल्दामाल सरायपाली, 21 जुलाई को भोरिंग महासमुंद एवं राजासेवैया खुर्द पिथौरा, 22 जुलाई को कलकसा बसना, 23 जुलाई को खैराटखुर्द बागबाहरा, 24 जुलाई को इच्छापुर सरायपाली, 27 जुलाई को अछोला महासमुंद एवं मेमरा पिथौरा, 28 जुलाई को दूधीपाली बसना एवं टेमरी बागबाहरा, 29 जुलाई को छुईपाली सरायपाली एवं जलकी महासमुंद, 30 जुलाई को सपोस पिथौरा एवं कुड़ेकेल बसना तथा 31 जुलाई को साल्हेभाठा एवं सानपंधी बागबाहरा में मोबाइल कैंप के माध्यम से श्रमिकों का पंजीयन एवं नवीनीकरण किया जाएगा। इन शिविरों में श्रमिकों को पंजीयन एवं नवीनीकरण की सुविधा मौके पर ही उपलब्ध कराई जाएगी। श्रमिकों को अपने साथ परिवार के सभी सदस्यों के आधार कार्ड, बैंक पासबुक तथा मोबाइल लाना अनिवार्य होगा।

### नवीन हाईस्कूल भवन कसेकेरा में शैक्षणिक गतिविधियां प्रारंभ करने की मांग का हुआ त्वरित निराकरण

**महासमुंद।** सुशासन तिहार 2026 के दौरान विकासखंड बागबाहरा अंतर्गत ग्राम कसेकेरा के नागरिकों द्वारा नवीन हाईस्कूल कसेकेरा के नवनिर्मित भवन में शैक्षणिक गतिविधियां प्रारंभ किए जाने संबंधी आवेदन प्रस्तुत किया गया था। विद्यार्थियों एवं अभिभावकों की यह लंबे समय से लंबित महत्वपूर्ण मांग थी। प्रकरण प्राप्त होने पर जिला प्रशासन द्वारा विषय की गंभीरता को दृष्टिगत रखते हुए त्वरित कार्यवाही सुनिश्चित की गई। संबंधित विभागों के समन्वय से लोक निर्माण विभाग द्वारा भवन से संबंधित समस्त आवश्यक कार्य निर्धारित समयावधि में पूर्ण किए गए।

बागबाहरा के अनुविभागीय अधिकारी (लोक निर्माण) नरेश साहू ने जानकारी देते हुए बताया कि विद्यालय भवन वर्तमान में पूर्णतः तैयार एवं उपयोग योग्य है। आगामी शैक्षणिक सत्र से विद्यालय का संचालन नवीन भवन में प्रारंभ किया जाएगा। नवीन भवन में विद्यालय संचालन प्रारंभ होने से विद्यार्थियों को बेहतर एवं सुविधायुक्त कक्षाओं के साथ गुणवत्तापूर्ण शैक्षणिक वातावरण उपलब्ध होगा। उक्त मांग के निराकरण से ग्राम कसेकेरा के विद्यार्थियों, अभिभावकों एवं ग्रामीणजनों में प्रसन्नता व्याप्त है। उन्होंने जिला प्रशासन एवं शासन के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि सुशासन तिहार 2026 के माध्यम से उनकी लंबे समय से लंबित मांग का त्वरित एवं सकारात्मक समाधान संभव हो सका।

**प्रथम पृष्ठ का शेष**

### कांग्रेसियों ने तोड़े ...

घेराव प्रदर्शन के दौरान संबोधित करते हुए प्रदेश कांग्रेस महामंत्री अमरजीत चावला ने कहा कि जल, जंगल, जमीन और कोयला जैसे प्राकृतिक संसाधनों पर स्थानीय जनता का हक है। साथ ही उन्होंने बिजली उत्पादन से होने वाले मुनाफे को उद्योगपति अडानी (अडानी ग्रुप) को सौंपने और आम जनता को सिर्फ महंगाई की मार झेलने के लिए मजबूर करने का आरोप लगाया है। इस उग्र प्रदर्शन में जिलाध्यक्ष द्वारकाधीश यादव, पूर्व प्रदेश प्रभारी महामंत्री अमरजीत चावला, पूर्व जिला अध्यक्ष डॉ रश्मि चंद्राकर, शहर कांग्रेस अध्यक्ष गुरमीत चावला, जिला कोषाध्यक्ष सेवनलाल चंद्राकर, जिला प्रभारी महामंत्री (संगठन) लक्ष्मण पटेल, जिला प्रभारी महामंत्री (प्रशासन) हरदेव ढिल्लो, शहर मंडल अध्यक्ष खिलावन बघेल, शहर महामंत्री निर्मल जैन, जिला उपाध्यक्ष संजय शर्मा, जिला महामंत्री गणेश शर्मा, जिला महामंत्री विजय बंजारे, जिला महामंत्री सोमेश दवे, लखबीर छाबड़ा, देवनाथ साहू, निखिलकांत साहू नपा अध्यक्ष, जसबीर ढिल्लो, ढेलू निषाद, ममता चंद्राकर, दुर्गा सागर, देवेश शर्मा, ताम्रध्वज बघेल, तुलसी साहू, डॉ एजाज नकवी, खोम सिन्हा, तबरेज खान, सोनम रामटेके, नितेंद्र बैनर्जी, अमर चंद्राकर, हार्दिक सोना, गौरव चंद्राकर, हर्षित चंद्राकर, शाहबाज रजवानी, अनुराग चंद्राकर, गिरीश पटेल, राजेश सिन्हा, खोमेश साहू, मंता यादव, भोलेनाथ गंधर्व, राजू यादव, अशोक अग्रवाल, मनोहर ठाकुर, गोविंद साहू, राजू साहू, लोकेश मांझी, रमन ठाकुर, सुरेंद्र ठाकुर, हरिशंकर यादव, फूल सिंह ध्रुव सहित सैकड़ों की संख्या में आक्रोशित कार्यकर्ता और आम नागरिक उपस्थित रहे।

### मोदी सरकार के 12 वर्ष पूर्ण होने पर ....

भाजपा महिला मोर्चा जिला अध्यक्ष स्मिता हितेश चंद्राकर ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के स्वस्थ भारत, विकसित भारत के संकल्प को साकार करने में महिलाओं की भूमिका सबसे महत्वपूर्ण है। उन्होंने कहा कि परिवार की प्रथम पोषण संरक्षक के रूप में महिलाएं स्वस्थ जीवनशैली अपनाकर पूरे समाज में सकारात्मक बदलाव ला सकती हैं। प्रधानमंत्री के आह्वान पर जिले की महिलाएं चित्रकला, रंगोली, भाषण और जनजागरूकता गतिविधियों के माध्यम से पौष्टिक, कम तेल एवं कम गैस से बनने वाले आहार के महत्व को जन-जन तक पहुंचा रही हैं। उन्होंने कहा कि स्वस्थ परिवार ही समृद्ध समाज और विकसित राष्ट्र की नींव है तथा वर्ष 2047 तक विकसित भारत के लक्ष्य को प्राप्त करने में मातृशक्ति की भागीदारी निर्णायक होगी। कार्यक्रम का संचालन जिला महामंत्री तारेश्वरी नायक ने किया कार्यक्रम में बड़ी संख्या में महिला मोर्चा के पदाधिकारीगण, कार्यकर्ता एवं स्थानीय महिलाएं उपस्थित रहीं। प्रदेश महामंत्री महिला मोर्चा शीतल नायक, भाजपा जिला महामंत्री जितेंद्र त्रिपाठी, प्रदेश उपाध्यक्ष पुष्पलता चौहान, डॉ एके अग्रवाल, उषा पटेल, जिला पंचायत अध्यक्ष मोगरा पटेल, सत्यलता मीरी, प्रदेश कार्यसमिति सदस्य कौशलिया बंसल, जिला महामंत्री महिला मोर्चा शुभ्रा शर्मा, नगर पालिका अध्यक्ष डॉ खुशबू अग्रवाल, पिथौरा जनपद अध्यक्ष उषा धृतलहरे, बसना जनपद अध्यक्ष डिलेश्वरी निराला, जिला पंचायत सदस्य सीमा नायक, महिला मोर्चा जिला उपाध्यक्ष शशि पटेल, जिला पंचायत सदस्य रामदुलारी सिन्हा, जनपद उपाध्यक्ष हुलसी चंद्राकर, महिला मोर्चा जिला मंत्री विजय लक्ष्मी जांगड़े, महिला मोर्चा जिला कोषाध्यक्ष प्रीति मक्कड़, सोनिया अग्रवाल, सुधा साहू, सुशील कांति, सीता सत्पथी, शारदा तिवारी, महिला मोर्चा मंडल अध्यक्षगण दीपा साहू, विमला बेहेरा, चेतना साहू, सावित्री कश्यप, रामकुंवर सिन्हा, नेहा अग्रवाल, सुरुचि साहू, पद्मिनी भोई, मधु यादव, नेहा क़ानूनगो, भाजपा मंडल अध्यक्ष नरेंद्र यादव, अभिमन्यु प्रधान, दंडधर साव सहित बड़ी संख्या मातृशक्ति उपस्थित रहीं

## दृष्टिहीन संगीतकारों के दल की सुरीली प्रस्तुतियों ने दर्शकों को किया मंत्रमुग्ध

**सरायपाली।** ओडिशा बरगढ़ से आए दृष्टिबाधित संगीतकारों के एक दल ने अपनी सुरीली प्रस्तुतियों से शहर के लोगों का दिल जीत लिया। दृष्टिहीन कलाकारों के इस समूह ने भजन संध्या की शानदार प्रस्तुति देकर श्रोताओं को मंत्रमुग्ध कर दिया। तबला, हारमोनियम और ढोलक की जुगलबंदी के साथ पेश किए गए गीतों पर श्रोताओं ने जमकर तालियां बजाईं। कार्यक्रम में मौजूद दर्शकों ने बताया कि आंखों से न देख पाने के बावजूद इन कलाकारों की संगीत पर पकड़ और भावपूर्ण गायन प्रशंसनीय है। प्रतिनिधि से चर्चा में दल के निर्देशक लिपु जेना ने बताया कि वे 8 सदस्य हैं, जो जीवन नेत्रहीन संस्था बरगढ़ ओडिशा से यहां आए हुए हैं। उनका यह समूह पूरी तरह दृष्टिबाधित कलाकारों का है। साथ में सहयोगी के रूप में वाहन चालक और एक अन्य सहयोगी हैं, जो सभी तरह की व्यवस्थाओं को देखते हैं। उन्होंने बताया कि सभी कलाकार अलग-अलग जगहों पर कार्यक्रम कर अपनी संस्था के लिए दान-राशि जुटाने का काम करते हैं। लोगों से मिल रहे प्यार और सहयोग से उनका हौसला बढ़ता है। इस संगीत दल में निर्देशक जेना ढोलक वादन करते हैं, जबकि गायक-बैंड मास्टर कृष्णा कुमार, केसियो हरिओम, महिला कलाकारों में लक्ष्मी व रोहिनी तथा सहयोगियों में वाहन चालक सावन एवं जितेंद्र शामिल हैं। इन सभी के सामूहिक प्रयास से शहर के राम मंदिर के पास आयोजित भजन संध्या कार्यक्रम का शहर वासियों ने भरपूर आनंद उठाया। साथ ही आकर्षक प्रस्तुति को देखकर मार्ग से गुजरने वाले राहगीर भी कौतूहलवश कार्यक्रम को देखने व सुनने के रूकते रहे।



### किसानों को पर्याप्त डीजल उपलब्ध कराने में सरकार नाकामः भूपेंद्र

**महासमुंद।** आम आदमी पार्टी के प्रदेश उपाध्यक्ष भूपेंद्र चंद्राकर ने छत्तीसगढ़ के किसानों की सरकार द्वारा अनदेखी पर कहा है कि राज्य की भाजपा सरकार किसानों को भूखा मारने पर तुली हुई है। आगामी ख़रीफ फसल के लिए अब डीजल के संकट से किसान जूझ रहा है। लंबे समय से डीजल नहीं मिलने के कारण खेती-किसानी के कार्य प्रभावित हो रहे हैं, कई बार शिकायत करने के बावजूद समस्या का समाधान नहीं हो रहा है। ज्ञात हो कि कल ही कांकेर में नाराज किसानों ने नेशनल हाइवे 30 को घंटों जाम कर बड़ा प्रदर्शन किया था। इसी तरह प्रदेश के अन्य जिलों में भी नाराज किसान प्रदर्शन करने मजबूर हो रहें हैं? उन्होंने कहा कि एक तरफ डीजल का संकट है तो दूसरी तरफ जहां पिछले खरीफ सीजन में भी खाद के संकट से छत्तीसगढ़ के किसान परेशान रहे और अब फिर वही स्थिति बन रही है। सरकार के संरक्षण में नकली खाद, अमानक खाद, नैनो यूरिया के नाम पर गुणवत्ताहीन खाद लेने किसानों को मजबूर किया गया, किसान खाद के लिए दर-दर भटकते रहे, सरकार यूरिया और डीएपी का स्टॉक डिमांड के आधा भी उपलब्ध नहीं करा पा रही है। बिचौलियों और कालाबाजारी करने वालों को इस सरकार का संरक्षण था चार गुना अधिक दाम पर किसान जमाखोरों से 460 का यूरिया 1800 में और 1350 का डीएपी 3800 तक में खरीदने मजबूर हैं, फिर भी पर्याप्त खाद किसानों को नहीं मिल पाया।

**न्यायालय तहसीलदार कोमाखान जिला महासमुन्द (छ.ग.)**

// ईश्तहार प्रकाशन //

क्र. 2945 तह / वा./ 2026 कोमाखान, दिनांक 16.06.2026

रा.प्र.क्र.......ब/121/ वर्ष 2025-26

ग्राम :- कारागुला प.ह.न. 18 रा.नि.मं नर्रा तहसील कोमाखान जिला - महासमुन्द

एतद् द्वारा सर्वसाधारण जनता को सूचित किया जाता है कि, आवेदक भोलाराम निषाद पिता शोभाराम निषाद उम्र 49 वर्ष जाति केंवट निवासी ग्राम कारागुला तहसील कोमाखान जिला महासमुन्द के द्वारा आवेदन प्रस्तुत कर निवेदन किया गया है कि उनके पुत्र दुर्गेश निषाद पिता भोलाराम निषाद का जन्म दिनांक 28.09.2007 को ग्राम कारागुला में हुआ है। किन्तु आवेदक एवं उनके परिजनों की अज्ञानता एवं कानून की सही जानकारी नहीं होने के कारण आवेदक के पुत्र दुर्गेश निषाद पिता भोलाराम निषाद के जन्म की सूचना नियत समय में ग्राम कोटवार एवं रजिस्ट्रार (जन्म / मृत्यु) कारागुला को नहीं दे पाये। जिसके कारण रजिस्ट्रार (जन्म / मृत्यु) कारागुला के द्वारा आवेदक के पुत्र दुर्गेश निषाद का जन्म प्रमाण पत्र नहीं बनाया गया। अतः आवेदक द्वारा अपने पुत्र दुर्गेश निषाद के जन्म दिनांक 28.09.2007 घटना पंजीकृत किए जाने हेतु माननीय न्यायालय तहसीलदार कोमाखान के समक्ष आवेदन प्रस्तुत किया गया है। प्रकरण इस न्यायालय में पंजीकृत है जिसमें आगामी पेशी दिनांक 07/07/2026 को नियत है। उपरोक्त संबंध में जिस किसी व्यक्ति को किसी प्रकार का आक्षेप/उजर / दावा या आपत्ति हो अथवा आवेदन प्रस्तुत करना हो तो स्वयं या अपने वैध अभिभाषक के माध्यम से दिनांक 07/07/2026 को उपस्थित हो कर पेश कर सकते हैं। बाद में प्राप्त का आक्षेप/उजर / दावा/आपत्ति अथवा आवेदन पर विचार नहीं किया जावेगा। आज दिनांक 16/06/2026 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पदमुद्रा से जारी किया गया।

मुहर

तहसीलदर
कोमाखान

## मां-बेटी के साथ मारपीट

**महासमुंद।** ग्राम लखनपुर में मां-बेटी के साथ मारपीट करने के मामले में तीन लोगों के विरूद्ध सिंघोड़ा थाने में जुर्म दर्ज किया गया है। पुलिस को शकुंतला बुड़ेक ग्राम लखनपुर ने बताया कि मेरे पति बंशीधर बुडेक आदि तीन भाई हैं, जिसमें से जगतराम बुडेक का स्वर्गवास हो चुका है। तीनों भाइयों के परिवार एक ही आंगन में अपने-अपने परिवार के साथ रहते हैं। उन्होंने भूमिदहन रजस्थला त्यौहार मनाया था। जिसकी शुद्धीकरण के लिए 17 जून की सुबह करीबन 08:30 बजे वह आंगन में लगे तुलसी के पौधे से पत्ती को निकाल कर पानी के साथ अपने शरीर में छिड़काव कर रही थी कि अचानक मेरे हाथ से तुलसी पत्ता छूटकर जमीन पर गिर गया, जिसे देख देवर नकुल की बेटी तुलसी भोई हमारी और तुलसी पत्ता को क्यों फेंक रही हो कहकर गाली देने लगी और हाथ मुक्का से मारपीट करने लगी। आवाज सुनकर नकुल बुड़ेक, गणेशी बुड़ेक वहां आए और तीनों मिलकर मारपीट करने लगे। जब उसकी बेटी सिंधुसुता भोई बीच बचाव करने आयी तो तुलसी भोई ने पास में पड़े ईंट मेरी बेटी के सिर में मारा। मामले की रिपोर्ट पर आरोपियों के विरूद्ध धारा 115(2), 296, 3(5) बीएनएस के तहत जुर्म दर्ज किया गया है।



# पचरी और नरतोरा में विधायक ने सुनी आमजनों की समस्याएं

हरिभूमि न्यूज ⏭ महासमुंद

विधायक योगेश्वर राजू सिन्हा ने बुधवार को ग्राम पचरी एवं नरतोरा में आमजनों के बीच पहुंचकर उनकी समस्याओं को सुना। साथ ही उनकी समस्याओं के उचित निराकरण के लिए आश्वासन भी दिया।

बता दें कि विधायक योगेश्वर राजू सिन्हा विधानसभा क्षेत्र के अलग-अलग गांव पहुंचकर आमजन से सौजन्य मुलाकात कर उनकी समस्याओं एवं मांगों से रूबरू हो रहे हैं। इसी तारतम्य में बुधवार को वें ग्राम पचरी पहुंचे। सबसे पहले उन्होंने मंदिर में पूजा अर्चना कर क्षेत्रवासियों की सुख, समृद्धि और शांति की कामना की। इसके पश्चात जन चौपाल लगाकर ग्रामीणों से भेंट मुलाकात की। ग्रामीणों ने खुलकर अपनी बातें विधायक के समक्ष रखी। उनकी मांगों एवं समस्याओं को गंभीरता से सुनकर विधायक सिन्हा ने उचित निराकरण का आश्वासन दिया। साथ ही संबंधित विभाग के अधिकारियों को निर्देशित भी किया।

साथ ही नवजात शिशुओं को शिशु किट प्रदान किया। इसके बाद वें ग्राम नरतोरा पहुंचे और जन चौपाल लगाकर ग्रामीणों की समस्याओं को सुना। समस्याओं के उचित निराकरण के साथ उन्होंने केंद्र एवं राज्य की



लोककल्याणकारी योजनाओं की प्रगति की समीक्षा भी की। उन्होंने ग्राम के जनप्रतिनिधियों से भी योजनाओं के कार्य के संबंध में चर्चा कर सुचारू रूप से संचालन के लिए निर्देशित किया। यहां भी विधायक योगेश्वर राजू सिन्हा ने नव विवाहित जोड़े को उपहार प्रदान कर उज्ज्वल भविष्य की कामना की। साथ ही नवजात शिशुओं को शिशु किट प्रदान किया।

### यह रहे उपस्थित

इस अवसर पर भाजपा नेता शम्मी सलूजा, पप्पू पटेल, निर्भय नायक, कमल कौशिक, छविंद्र पटेल, राकेश साहू, हनी गंभीर, राजा अग्रवाल, जनपद सदस्य सुषमा राकेश टंडन, पचरी सरपंच सरिता डड़सेना, उप सरपंच गैंदराम जोशी, नरतोरा सरपंच जीतराम पटेल, उपसरपंच राजेंद्र कुमार दीवान सहित रुद्र कुमार डड़सेना, जनक राम डड़सेना, राजेश लहरे, देव कुमार टंडन, सतीश मारकंडे, मयाराम टंडन, ओमप्रकाश यादव, योगेंद्र पटेल, नीलकंठ पटेल, मदन लाल पटेल, मीना बाई दीवान, लीलाबाई पटेल, इंदु पटेल, इंद्राणी यादव, कलिंद्री, गंगाबाई ठाकुर, सोनकुंवर पटेल, ईश्वर पटेल, सालिकराम पटेल, राकेश टंडन, विशाल मन्नाडे, राकेश कुमार दीवान, भूषण लाल, पटेल, राजुकमार टंडन, हिरऊ ढीढी, राजकुमार यादव, नंदलाल, लेखराम पटेल, भोजनाथ यादव, दीनदयाल यादव सहित बड़ी संख्या में ग्रामीणजन उपस्थित थे।

## खबर संक्षेप



### खरोरा में महाराणा प्रताप की जयंती मनाई गई

**महासमुंद।** ग्राम खरोरा में शिरोमणि महाराणा प्रताप की जयंती मनाई गई। इस दौरान कौशल्या चंद्राकर, भारती चंद्राकर, दामिनी चंद्राकर, गायत्री चंद्राकर, अंजू चंद्राकर, रुपेश चंद्राकर, भूषण चंद्राकर ने कहा कि अदम्य साहस, शौर्य और मातृभूमि की रक्षा के लिए अपना सर्वस्व न्यौछावर करने वाले मेवाड़ के इस महान सपूत का त्याग और स्वाभिमान इतिहास में सदा अमर रहेगा।

### पारस बने शिशु कल्याण शिक्षा समिति के अध्यक्ष

**महासमुंद।** शिशु संस्कार परिसर में



शिशु कल्याण शिक्षा समिति की वार्षिक बैठक हुई। जिसमें आगामी दो वर्षों के लिए पदाधिकारियों का चयन किया गया। इसमें अध्यक्ष पारस चोपड़ा, उपाध्यक्ष संजय अग्रवाल, सचिव शरद जैन, सहसचिव अरुण जोशी, कोषाध्यक्ष मनोहर पींचा एवं कार्यकारिणी में प्रकाश मालू, मनोहर महंती, अक्षत गोयल, सुभाष बाफना एवं निर्मला बैद शामिल है। बैठक में समिति द्वारा संचालित शिशु संस्कार केंद्र एवं संस्कार पब्लिक स्कूल के विस्तार एवं उन्नयन पर चर्चा कर तदनुसार कार्य करने का लिया गया।

### जनपद पंचायतों में विशेष पंजीयन शिविर आज से

**महासमुंद।** केंद्र सरकार के जनकल्याणकारी कार्यों एवं उपलब्धियों के 12 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में साल विकास के, विश्वास के, जनकल्याण के अंतर्गत जिले में 18 जून से 20 जून 2026 तक तीन दिवसीय पंजीयन एवं जनजागरुकता शिविरों का आयोजन किया जाएगा। कलेक्टर विनय कुमार लंगेह के निर्देशानुसार जिले के सभी नगरीय निकायों तथा जनपद पंचायतों में शिविर लगाए जाएंगे। शिविरों में विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं के लिए पात्र हितग्राहियों का पंजीयन किया जाएगा तथा उन्हें योजनाओं की जानकारी भी प्रदान की जाएगी। शिविरों के माध्यम से आम नागरिकों को शासन की विभिन्न योजनाओं का लाभ दिलाने, पात्र हितग्राहियों की पहचान करने तथा योजनाओं की पहुंच अंतिम व्यक्ति तक सुनिश्चित किया जाएगा। संबंधित विभागों के अधिकारी एवं कर्मचारी शिविर स्थलों पर उपस्थित रहेंगे।

## आयोजन : स्वामी आत्मानंद और कन्या शाला में मनाया गया प्रवेशोत्सव

# गुणवत्तापूर्ण शिक्षा से ही बनेगा बच्चों का उज्ज्वल भविष्य : विधायक अग्रवाल

हरिभूमि न्यूज ⏭ बसना

नए शैक्षणिक सत्र की शुरुआत की कड़ी में

- विधायक ने बच्चों को तिलक लगाकर किया स्वागत, पालकों से अपील-बच्चों में शिक्षा के प्रति जगाएं सकारात्मक भाव

स्थानीय स्वामी आत्मानंद पीएमश्री उत्कृष्ट विद्यालय एवं शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में शाला प्रवेशोत्सव का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में विधायक डॉ. संपत अग्रवाल मुख्य अतिथि के रूप में विशेष रूप से शामिल हुए।

कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि विधायक डॉ. संपत अग्रवाल एवं विद्यालय परिवार द्वारा मां सरस्वती के तैलचित्र के समक्ष दीप प्रज्ज्वलन और विधिवत पूजा-अर्चना के साथ किया गया। इसके पश्चात, शाला में कदम रखने वाले नवप्रवेशी छात्र-छात्राओं का तिलक लगाकर, मिठाई खिलाकर और उन्हें पाठ्यपुस्तकें व कॉपियां भेंट कर आत्मीय स्वागत किया गया। नए परिवेश में बच्चों के चेहरों पर एक अलग ही रौनक और मुस्कान देखने को मिली।



समारोह को संबोधित करते हुए विधायक डॉ. संपत अग्रवाल ने अपने संबोधन में शिक्षक-शिक्षिकाओं से संवाद किया और उनसे अनुरोध किया कि वे बच्चों को उत्कृष्ट और गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्रदान करने में कोई कसर न छोड़ें। उन्होंने समाज और शिक्षकों से अपील की कि वे बच्चों के मन में शिक्षा के प्रति एक सकारात्मक भाव और रुचि जागृत करने के लिए निरंतर कार्य करें, ताकि कोई भी बच्चा शिक्षा के उजाले से वंचित न रहे।

इस अवसर पर नगर पंचायत अध्यक्ष खुशबू अग्रवाल, नगर पंचायत उपाध्यक्ष बसना शीत गुप्ता, पूर्व जिला उपाध्यक्ष भाजपा रमेश अग्रवाल, मंडल अध्यक्ष बसना नरेंद्र यादव, अध्यक्ष एसएमडीसी बसना एनएल भोई, अध्यक्ष महिला मोर्चा बसना दीपा अरुण साहू, सांसद प्रतिनिधि लोकनाथ डड़सेना, पार्षद संगीता नायक, कोषाध्यक्ष भाजपा बसना अमृत चौधरी, महामंत्री युवा मोर्चा बसना नवीन भट्ट, प्राचार्य गिरिजा साहू, प्राचार्य एनके पंडा, व्याख्याता खिरोद कुमार पुरोहित, प्रधान पाठक मिडिल स्कूल हरिराम साव, प्रधान पाठक राजकुमारी गुप्ता, विकास खंडस्त्रोत समन्वय बसना अनिल साव, विकासखंड शिक्षा अधिकारी बद्री विशाल जोल्हे, महेंद्र कुमार महापात्र, मंच संचालक मनोहर पटेल, मीडिया प्रभारी भाजपा बसना सुखदेव दास वैष्णव, स्थानीय जनप्रतिनिधि, शिक्षा विभाग के आला अधिकारी, शाला प्रबंधन समिति के सदस्य, भारी संख्या में पालकगण, शिक्षक-शिक्षिकाएं एवं नवप्रवेशी छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे। पूरा विद्यालय परिसर बच्चों के कोलाहल और स्वागत गीतों से गूंजता रहा।

# पंचायतों में 24 को होगी ग्रामसभा रोजगार, आवास, आजीविका सहित अन्य विषयों पर होगी विशेष चर्चा

हरिभूमि न्यूज ⏭ सरायपाली

ग्रामीण विकास और जनभागीदारी को मजबूत बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण पहल करते हुए छत्तीसगढ़ शासन के द्वारा प्रदेश के सभी ग्राम पंचायतों में आगामी 24 जून को ग्राम सभा आयोजित करने के निर्देश जारी किए गए हैं। पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग के निर्देशानुसार आयोजित होने वाली इन ग्राम सभाओं में आवास प्लस 2.0 की स्थायी प्रतीक्षा सूची, पंचायतों की वित्तीय स्थिति, रोजगार, आजीविका, विकास कार्यों की प्रगति और अन्य जनहित के विषयों पर व्यापक चर्चा की जाएगी।

ग्राम सभाओं में प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण के अंतर्गत आवास प्लस 2.0 सर्वेक्षण से प्राप्त सिस्टम जनरेटेड स्थायी प्रतीक्षा सूची (पीडब्ल्यूएल) का वाचन एवं अवलोकन किया जाएगा। इसके बाद शासन द्वारा जारी दिशा-निर्देशों और मानक संचालन प्रक्रिया (एसओपी) के अनुसार पात्र हितग्राहियों की प्राथमिकता सूची तैयार की जाएगी। ग्रामीणों से प्राप्त दावे और आपत्तियों का नियमानुसार परीक्षण कर उनका निराकरण किया जाएगा। ग्राम सभा से अनुमोदन मिलने के बाद अंतिम सूची को आवास सॉफ्टवेयर में अपलोड किया जाएगा, जिससे पात्र परिवारों को आवास योजना का लाभ मिल सके। इसके अलावा ग्राम सभा में पिछली बैठकों में लिए गए निर्णयों की समीक्षा भी की जाएगी। साथ ही पंचायतों के आय-व्यय का लेखा-जोखा प्रस्तुत कर उसका अनुमोदन कराया जाएगा। विभिन्न योजनाओं के तहत स्वीकृत विकास कार्यों की प्रगति रिपोर्ट पर भी चर्चा होगी, ताकि ग्रामीणों को पंचायत स्तर पर हो रहे विकास कार्यों की जानकारी मिल सके। ग्राम सभा के दौरान विकसित भारत, रोजगार एवं आजीविका मिशन ग्रामीण (वीबी जीरामजी) के संबंध में भी ग्रामीणों को विस्तृत जानकारी दी जाएगी। इस योजना के तहत ग्रामीण परिवारों के लिए रोजगार की गारंटी 100 दिनों से बढ़ाकर 125 दिन किए जाने, बेरोजगारी भत्ते के बेहतर प्रावधान, समय पर मजदूरी भुगतान तथा ग्राम सभा आधारित विकास योजनाओं के क्रियान्वयन जैसे विषयों पर चर्चा की जाएगी।




## वार्ड 14 में निःशुल्क मेडिकल कैंप का आयोजन बड़ी संख्या में लोगों ने लिया स्वास्थ्य लाभ

**बसना।** नगर के वार्ड क्रमांक 14 में पार्षद इरफान गिगानी के नेतृत्व में वार्डवासियों के स्वास्थ्य लाभ के लिए निःशुल्क मेडिकल कैंप का आयोजन किया गया। शिविर में क्षेत्र के नागरिकों की स्वास्थ्य जांच की गई तथा आवश्यक चिकित्सकीय परामर्श एवं दवाइयों का वितरण किया गया। इस अवसर पर पार्षद इरफान गिगानी ने कहा कि लोगों को बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध कराना उनकी प्राथमिकता है। मेडिकल कैंप के सफल आयोजन में वार्ड के सामाजिक कार्यकर्ताओं एवं स्थानीय नागरिकों का विशेष सहयोग रहा।

# ग्रीष्मकालीन क्रिकेट प्रशिक्षण शिविर का समापन

हरिभूमि न्यूज ⏭ महासमुंद

स्थानीय शिवाय क्रिकेट अकादमी द्वारा आयोजित ग्रीष्मकालीन क्रिकेट प्रशिक्षण शिविर के समापन पर पुरस्कार वितरण समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि नगर पालिका अध्यक्ष निखिलकांत साहू रहे, जिन्होंने खिलाड़ियों को पुरस्कार प्रदान कर उनका उत्साहवर्धन किया।

मुख्य अतिथि निखिलकांत साहू ने खिलाड़ियों को संबोधित करते हुए कहा कि खेल बच्चों के शारीरिक, मानसिक एवं सामाजिक विकास का महत्वपूर्ण माध्यम है। उन्होंने खिलाड़ियों को अनुशासन, निरंतर मेहनत एवं समर्पण के साथ अपने खेल को आगे बढ़ाने के लिए प्रेरित किया तथा शिवाय क्रिकेट अकादमी द्वारा किए जा रहे प्रयासों की सराहना की। अकादमी के कोच तृपेश कुमार साहू ने बताया कि



अकादमी पिछले कई वर्षों से महासमुंद के खिलाड़ियों को व्यवस्थित एवं गुणवत्तापूर्ण क्रिकेट प्रशिक्षण प्रदान कर रही है। अकादमी का उद्देश्य केवल खिलाड़ियों को क्रिकेट सिखाना नहीं, बल्कि उनमें अनुशासन, आत्मविश्वास, नेतृत्व क्षमता एवं खेल भावना का विकास करना भी है। इसी सतत प्रयास का परिणाम है कि अकादमी के खिलाड़ी विभिन्न प्रतियोगिताओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर रहे हैं।

उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ियों में सर्वश्रेष्ठ बल्लेबाज साकेत चंद्राकर, सर्वश्रेष्ठ गेंदबाज यशवर्धन यादव, सर्वश्रेष्ठ विकेटकीपर विभय टंडन, सर्वश्रेष्ठ क्षेत्ररक्षक मानस डडसेना, अंडर-10 सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी विराट मोहंती, अंडर-12 सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी अनंत हरि पांडेय, अंडर-12 सर्वश्रेष्ठ बल्लेबाज अनंत हरि पांडेय, अंडर-12 सर्वश्रेष्ठ गेंदबाज अर्नव चंद्राकर, मैन ऑफ द सीरीज यशवर्धन यादव शामिल है। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में खिलाड़ियों एवं उनके अभिभावकों ने भाग लिया। उपस्थित अभिभावकों ने अकादमी द्वारा बच्चों के खेल विकास के लिए किए जा रहे प्रयासों की प्रशंसा की। अंत में कोच तृपेश कुमार साहू ने सभी का आभार व्यक्त किया।

## पंचायतों में ग्रामसभा 24 को, आवास पर होगी चर्चा

**महासमुंद।** पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग के निर्देशानुसार जिले में कलेक्टर विनय कुमार लंगेह के मार्गदर्शन में महासमुंद जिले की सभी ग्राम पंचायतों में 24 जून 2026 को ग्राम सभाओं का आयोजन किया जाएगा। इस संबंध में संबंधित अधिकारियों एवं पंचायतों को आवश्यक दिशा-निर्देश जारी किए गए हैं। ग्राम सभाओं में आवास प्लस 2.0 सर्वेक्षण से प्राप्त सिस्टम जनरेटेड स्थायी प्रतीक्षा सूची का वाचन एवं अवलोकन किया जाएगा तथा शासन के दिशा-निर्देशों के अनुसार पात्र हितग्राहियों की प्राथमिकता सूची तैयार की जाएगी। प्राप्त दावे-आपत्तियों का निराकरण कर ग्राम सभा से अनुमोदन उपरांत सूची को आवास सॉफ्टवेयर में अपलोड किया जाएगा। इसके अलावा पंचायतों के आय-व्यय, विभिन्न विकास कार्यों की प्रगति, पंचायत उन्नति सूचकांक 2.0 तथा विकसित भारत, रोजगार एवं आजीविका मिशन ग्रामीण (वीबीजीराम) सहित अन्य विषयों पर भी चर्चा की जाएगी। जिला प्रशासन ने ग्राम सभाओं में अधिक से अधिक ग्रामीणों की सहभागिता सुनिश्चित करने की अपील की है।

# शहर में पीएम स्वनिधि महोत्सव का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ⏭ महासमुंद

नगर पालिका परिषद द्वारा प्रधानमंत्री स्वनिधि योजना के हितग्राहियों को प्रोत्साहित करने एवं योजना के व्यापक प्रचार-प्रसार के उद्देश्य से पीएम स्वनिधि महोत्सव का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में जनप्रतिनिधियों, अधिकारियों, कर्मचारियों एवं बड़ी संख्या में स्वनिधि योजना के लाभार्थियों ने सहभागिता की।

कार्यक्रम में हितग्राहियों को प्रधानमंत्री स्वनिधि योजना के अंतर्गत उपलब्ध ऋण सुविधा, समय पर ऋण अदायगी के लाभ, डिजिटल लेन-देन को बढ़ावा तथा आगामी ऋण किश्तों की पात्रता संबंधी जानकारी प्रदान की गई। साथ ही सफल हितग्राहियों द्वारा अपने अनुभव साझा किए गए,

**योजना का लाभ लेकर स्वावलंबी बनने एवं समय पर ऋण भुगतान के लिए नपाध्यक्ष ने किया प्रेरित**

जिससे अन्य पथ विक्रेताओं को भी योजना से जुड़ने की प्रेरणा मिली। कार्यक्रम में उपस्थित नगर पालिका अध्यक्ष निखिलकांत साहू ने कहा कि प्रधानमंत्री स्वनिधि योजना शहरी पथ विक्रेताओं के आर्थिक सशक्तीकरण की महत्वपूर्ण योजना है, जिसके माध्यम से छोटे व्यापारियों को स्वरोजगार के लिए वित्तीय सहायता उपलब्ध हो रही है। उन्होंने सभी पात्र पथ विक्रेताओं से योजना का लाभ लेने एवं समय पर ऋण भुगतान करने की अपील की। नगर पालिका उपाधयक्ष देवीचंद राठी ने कहा कि प्रधानमंत्री स्वनिधि योजना देश के रेहड़ी-पटरी एवं छोटे व्यवसायियों को आत्मनिर्भर बनाने की एक महत्वपूर्ण पहल है। इस योजना के माध्यम से छोटे व्यापारियों को बिना किसी जमानत के आसान ऋण उपलब्ध कराया जा रहा है। प्रधानमंत्री स्वनिधि योजना के प्रोजेक्ट मैनेजर धर्मेंद्र भारद्वाज ने हितग्राहियों को योजना संबंधी आवश्यक मार्गदर्शन एवं सहायता प्रदान करने का आश्वासन दिया गया। इस अवसर पर भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ सदस्य संदीप दीवान, आलोक दुबे, विधायक प्रतिनिधि हफीज कुरैशी, पार्षद कल्पना सूर्यवंशी, चंद्रशेखर बेलदार, भाऊ राम साहू, मनीष शर्मा, धनेश्वरी सोनाधर सोनवानी सहित नगर पालिका के अधिकारी कर्मचारी उपस्थित थे।



## कुरुभाठा स्कूल में मनाया गया प्रवेशोत्सव

**झलप।** शासकीय उच्च माध्यमिक शाला कुरुभाठा में शिक्षा सत्र 2026-27 में शाला प्रवेशोत्सव मनाया गया। जिसमें बच्चों का स्वागत तिलक लगा कर मिठाई एवं चॉकलेट देकर किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रुप में सरपंच प्रतिनिधि रूपलाल पटेल मौजूद रहे। इस दौरान शाला विकास समिति के अध्यक्ष संतोष धुव, ग्रामीण विकास समिति के प्रमुख डेरहा राम ध्रुव, सोसाइटी अध्यक्ष उदयराम ध्रुव, अश्वनी ध्रुव, संतोष ध्रुव, संतोष खरसिया, जीवन ध्रुव, कृपाराम धुव, भोजराम ध्रुव, संतोष ध्रुव नेतराम ध्रुव, होरीलाल ध्रुव, लखन ध्रुव, आत्माराम दीवान, अनिल ध्रुव एवं अन्य ग्रामवासी मौजूद थे। सभी बच्चों एवं अभिभावकों, जनप्रतिनिधियों का स्वागत शिक्षक द्वय लेखराम पटेल, गिरधर पटेल ने किया।

# सशिमं में पांच दिवसीय संस्कार केंद्र आचार्य विकास वर्ग का समापन

हरिभूमि न्यूज ⏭ महासमुंद

स्थानीय भलेसर मार्ग पर स्थित सरस्वती शिशु मंदिर उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में पांच दिवसीय संस्कार केंद्र आचार्य विकास वर्ग का समापन हुआ। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में डॉ. सविता चंद्राकर (प्राचार्य शांत्री बाई महाविद्यालय), अध्यक्षता घनश्याम सोनी (आदर्श शिक्षा मंडल समिति के सचिव), विशिष्ट अतिथि ठाकुर राम यादव ( विभाग प्रचारक केंद्र महासमुंद), चंद्रकुमार डडसेना (संस्कार केंद्र प्रांत प्रमुख), संध्या शर्मा (आदर्श शिक्षा मंडल समिति के उपाध्यक्ष), देवराज वर्मा (विद्यालय के प्राचार्य), राकेश तिवारी (संस्कार केंद्र विभाग प्रमुख रायपुर), भुवन लाल निषाद (संस्कार केंद्र जिला प्रमुख रायपुर), अश्वनी पाटकर (प्राचार्य सरस्वती शिशु मंदिर खरोरा) उपस्थित थे। कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती ओम एवं भारत माता के तैल्य चित्र पर तिलक लगाकर पुष्प अर्पण एवं दीप प्रज्वलित कर किया गया।

तत्पश्चात अतिथियों का स्वागत तिलक रोली लगाकर किया गया। स्वागत के पश्चात वृत्त पठन करते हुए चंद्रकुमार डडसेना ने कहा कि अभी वर्तमान में छत्तीसगढ़ में 300 संस्कार केंद्र संचालित हो रहे हैं। विद्या भारती की योजना अनुसार संस्कार केंद्रों में शिक्षा के साथ-साथ संस्कार प्रदान किया जा रहा है।



वर्तमान समय में पूरे भारतवर्ष में संस्कार केंद्र संचालित हो रहे हैं, इस प्रशिक्षण वर्ग में रायपुर व राजिम विभाग के रायपुर, धमतरी, बलौदा बाजार, महासमुंद जिला से प्रशिक्षणार्थी उपस्थित हुए।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि डॉ. सविता चंद्राकर ने कहा कि यह जो अभ्यास वर्ग है, यह सिर्फ प्रशिक्षण नहीं है, इससे हमें समाज की जिम्मेदारी का बोध होता है। समाज में संस्कार कैसे प्रदान करें, अपने भाव से, संस्कृति से बच्चों को उचित संस्कार एवं शिक्षा कैसे प्रदान करें, यह सभी हमें प्रशिक्षण में सीखने को मिलता है। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे घनश्याम सोनी ने अपने उद्बोधन में कहा कि हम अपने भाव को जागृत करने के लिए प्रशिक्षण में आते हैं, ताकि समाज में जाकर समाज का विकास एवं संस्कार कैसे प्रदान करें यह प्रशिक्षण के माध्यम से प्राप्त होता है। कार्यक्रम में विशेष अतिथि के रूप में उपस्थित ठाकुर राम साहू ने सभा को संबोधित करते हुए कहा कि आज के समय में अगर देखा जाए तो समाज में संस्कार की कमी होती जा रही है, जिससे बच्चों को गलत दिशा मिलने से समाज के दुर्दशा बिगड़ती जा रही है। साथ ही उनके द्वारा संस्कार केंद्र के छह आयाम शिक्षा, स्वास्थ्य, स्वावलंबन, सामाजिक समरसता, संस्कृति, स्वदेश प्रेम का विस्तार से जानकारी दिया गया। संध्या शर्मा द्वारा संस्कार के ऊपर स्वरचित कविता संस्कार भारती प्रस्तुत किया गया। उद्बोधन के पश्चात प्रशिक्षण प्राप्त करने वाले सभी प्रशिक्षणार्थियों को प्रमाण पत्र का वितरण किया। कार्यक्रम के अंत में आभार प्रदर्शन विद्यालय के प्राचार्य देवराज वर्मा ने एवं संचालन वर्ग प्रभारी राकेश तिवारी ने किया।



## मोदी सरकार के 12 वर्ष पूर्ण होने पर रामकुटी में 12 कुंडीय राम नाम महायज्ञ, 1200 दीपों से जगमगाया परिसर

पिथौरा (ग्रामीण)। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार के 12 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में ठाकुरदिया खुर्द स्थित रामकुटि परिसर में 12 कुंडीय राम नाम महायज्ञ एवं प्रकाश पर्व का आयोजन श्रद्धा, भक्ति और उत्साह के साथ हुआ। कार्यक्रम में क्षेत्र के जनप्रतिनिधियों, संत-महात्माओं, भाजपा कार्यकर्ताओं एवं बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं की उपस्थिति रही। आयोजन में महासमुंद लोकसभा के निवर्तमान सांसद चुन्नीलाल साहू, भाजपा महासमुंद जिलाध्यक्ष येतराम साहू एवं भाजपा नेता आनंद साहू विशेष रूप से उपस्थित रहे।